RNI No.-UPHIN2016/70155

# के.डी.न्यूज

KD NEWS आज कल तक

साप्ताहिक हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष–04 अंक–35 सुलतानपुर, 21 जनवरी 2020 पृष्ठ : 08 मूल्य : 3.00 रुपये

## नाकामी से डरें नहीं छात्र, विफलता का मजबूती से करें सामना : पीएम मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छात्रों के साथ परीक्षा पर चर्चा शुरु करते हुये कहा कि छात्रों के साथ वह बिना किसी 'फिल्टर के



खुलकर बातचीत करेंगे। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा 2020' कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुये छात्रों से भी कहा कि वे उनके साथ खुल कर चर्चा करें। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रचलित 'हैशटेगश का जिक्र करते हुये कहा कि छात्रों और उनके बीच होने वाली चर्चा 'हेशटेग विदाउट फिल्टर होगी। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के कारण मन व्यथित होने से जुड़े एक छात्र के सवाल के जवाब में कहा, 'छात्रों को विफलता से नहीं डरना चाहिये और नाकामी को जीवन का हिस्सा मानना चाहिये। उन्होंने छात्रों को चंद्रयान मिशन की घटना का जिक्र करते हुये छात्रों को बताया कि उनके कुछ सहयोगियों ने चंद्रयान मिशन की लैंडिंग के मौके पर नहीं जाने की सलाह दी थी, क्योंकि इस अभियान की सफलता की कोई गारंटी नहीं थी। मोदी ने कहा कि इसके बावजूद वह इसरो के मुख्यालय गये और वैज्ञानिकों के बीच में रह कर उनका भरपूर उत्साहवर्धन किया। परीक्षा में अंकों के महत्व से जुड़े एक सवाल के जवाब में मोदी ने कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक मिलना ही सब कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्रों को इस सोच से बाहर निकलना चाहिये कि परीक्षा ही सब कुछ है। इस दौरान उन्होंने छात्रों से पढ़ाई से इतर खेल, कला और संगीत सहित अन्य गतिविधियों में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

## अर्थव्यवस्था कुप्रबंधन की शिकार, आम जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित है : सीताराम येचुरी

नयी दिल्ली। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने देश में आर्थिक मंदी के लिये केन्द्र की मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुये सोमवार को कहा कि अर्थव्यवस्था कुप्रबंधन की शिकार है और इससे आम लोगों के जीवन पर बुरा असर पड़ा है। येचुरी ने सरकार के कर संग्रह में कमी आने की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में ढाई लाख करोड़ रुपये के अनुमानित कर संग्रह में गिरावट के लिये पूरी तरह से केन्द्र सरकार जिम्मेदार है। येचुरी ने ट्वीट कर कहा, ''यह महज अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन के अलावा और कुछ नहीं है। इसके कारण करोड़ों भारतीयों की गुजर बसर और रोजमर्रा की जिंदगी तबाह हुयी है, जबकि मोदी के धनी मित्र लगातार मुनाफे में जा रहे हैं और भाजपा को वित्तीय लाभ पहुंचा रहे हैं। सड़कों पर जनता इस बात का संज्ञान ले रही है और इसके लिये जिम्मेदारी भी तय की जायेगी।'' येचुरी ने अर्थव्यवस्था के बारे में ऑक्सफेम की अध्ययन रिपोर्ट का जिक्र किया जिसमें कहा गया है कि देश के सर्वाधिक धनी एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में चार गुना तक इजाफा हुआ है जो कि देश की निर्धनतम 70 प्रतिशत आबादी अर्थात 95 |3 करोड़ लोगों की संपत्ति के बराबर है। उन्होंने इस रिपोर्ट का जिक्र



करते हुए कहा कि यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं चाहते हैं कि लोगों को भाजपा के वित्तपोषण के स्रोत के बारे में पता चले। येचुरी ने कहा, ''चुनावी बॉड योजना पारदर्शी नहीं है और यह लगातार निर्धनता की ओर बढ़ रहे लोगों के बीच निरंतर धनी हो रहे लोगों एवं भाजपा के बीच सांठगांठ को उजागर करती है।''

## खुटे के विवाद में एक पक्ष से आधा दर्जन लोग हुए गंभीर रूप से घायल

### बेखौफ अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से घायलों को मिल रही जान से मारने की धमकीयां

सुल्तानपुर। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के आरडी गाँव मे खूटा तोड़ने के विवाद में प्रथम पक्ष के आधा दर्जन लोग के सिर पर धारदार हथियार से हमला गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती चल रहा इलाज पीड़ित प्रथम पक्ष अमर बहादुर का आरोप है कि विपक्षी सुबह गाय बाधने का खूटा तोड़ दिया मना करने पर विपक्षी अंजनी कुमार, अनिल कुमार, सुनील कुमार, आजाद, पुत्रगण सीताराम ,कुसुमा देवी पत्नी सीताराम ने लाठी डंडे बेलचक से लैस होकर अचानक सत्येंद्र कुमार पुत्र गंगाराम को बेलचक लेकर दौड़ा सिर फोड़ कर गंभीर रूप से घायल कर दिया बीच बचाव करने पहुंची ममता, पुत्री गंगाराम , शालू पुत्री अमर बहादुर, अमर बहादुर पुत्र रामअचल, राम अचल पर भी धारदार बेलचक से सिर पर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से बेखौफ हो कर अभियुक्त दे रहे हैं जान से मारने की धमकी इसके पूर्व बीते माह हुई थी दो बार मारपीट की घटना जिसमें थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

**आवश्यकता है**

के.डी.न्यूज समाचार पत्र/पोर्टल हेतु ब्लाक संवाददाता, व तहसील संवाददाता की आवश्यकता है।

–सम्पादक

**के.डी.न्यूज**

**मो. 9415739288, 9721748962**

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बोले नड्डा– जिन राज्यों में भाजपा मजबूत नहीं, वहां कमल पहुंचायेंगे

नयी दिल्ली। भाजपा के नये अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि वह पार्टी को उत्कर्ष पर ले जाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे और जिन गिने चुने राज्यों में पार्टी मजबूत स्थिति में नहीं है वहां भी कमल पहुंचाया जायेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और कई अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में नड्डा ने कहा कि किसी राजनीतिक परिवार से नहीं होने के बावजूद पार्टी का उनका अध्यक्ष बनना सिर्फ भाजपा में संभव है। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में कहा, जो विश्वास, सहयोग आपने मुझ पर किया है, उसके लिए धन्यवाद करता हूं। मैं महसूस करता हूं कि जिसे शीर्ष नेतृत्व को इतना प्यार मिला हो तथा कार्यकर्ता एवं नेताओं का साथ है तो मैं पूरी ताकत से आगे बढ़ूंगा। नड्डा ने कहा, हम सिर्फ नीतियों में अलग नहीं हैं, उनके नतीजे भी अलग हैं, यह समझना चाहिए। नड्डा ने कहा, मेरी राजनीति में कोई पारिपारिक पृष्ठभूमि नहीं रही। हिमाचल प्रदेश के एक सुदूर गांव से आकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलती है तो यह सिर्फ भाजपा में संभव है। उन्होंने कहा, अमित शाह जी ने कहा है कि अभी भाजपा का उत्कर्ष पर पहुंचना बाकी है। प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है कि अभी पार्टी को बहुत आगे ले जाना है। जो कुछ भी ताकत और सामर्थ्य होगा मैं काम करूंगा तथा हम भाजपा को उत्कर्ष की स्थिति में ले जायेंगे। भाजपा वाले नहीं हैं। कुछ प्रदेश अभी बच गये हैं वहां भी हमारा निशाना है।




अध्यक्ष ने कहा, देश में सबसे बड़ी पार्टी हमारी है। सबसे ज्यादा सांसद और विधायक हमारे हैं। देश और कई राज्यों में हमारी सरकारें हैं। हम रुकने आने वाले समय में सारे भारत में भाजपा के कमल को पहुंचायेंगे। उन्होंने इस अवसर पर सभी शीर्ष नेताओं का आभार प्रकट किया।

## पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय का किया निरीक्षण

सुल्तानपुर। न्यायालय परिसर की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद न्यायालय परिसर का भ्रमण कर सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया । उनके द्वारा न्यायालय सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कोई भी अपराधी अथवा असमाजिक तत्व शस्त्र या कोई अन्य आपत्तिजनक सामग्री लेकर न्यायालय परिसर में प्रवेश न कर सके। इसके लिए संदिग्ध व्यक्तियों की प्रवेश के समय ही सघन चेकिंग की जाये । कोर्ट लॉकअप के आसपास से मुलाकातियों को दूर रखा जाए । साथ ही सतर्क दृष्टि रखते हुए कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। परिसर में लगे सीसीटीवी कन्ट्रोल कक्ष को चेक किया गया । महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसर के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संदिग्ध व्यक्तियोंं वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई।

# सम्पादकीय

## आतंक के सूत्र

धर्म को आतंकवाद से जोड़ने वालों की जुबानों पर इस वक्त ताला लगा हुआ है, शब्द हलक में अटक गए हैं। टीवी चौनलों पर रोज हिंदू–मुस्लिम विमर्श के नाम पर जहर परोसते तथाकथित पत्रकारों की समझ में नहीं आ रहा है कि जम्मू–कश्मीर पुलिस में डीएसपी के पद पर तैनात दविंदर सिंह के आतंकवादियों से संबंध पर क्या कहें, किस मुंह से कहें? आखिर बरसों–बरस इन लोगों ने धर्म का आतंक खड़ा करने की कोशिश जो की। लेकिन दविंदर सिंह तो मुसलमान नहीं है, पाकिस्तानी भी नहीं है, बल्कि वो तो पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहा था, और वो भी एंटी हाईजैकिंग स्क्वड जैसे संवेदनशील महकमे में। हिजबुल के दो आतंकियों और उनके एक सहयोगी को वो श्रीनगर एयरपोर्ट तक अपनी कार में ले जा रहा था, ताकि वो दिल्ली आ सकें। जबकि कुछ दिन पहले इसी श्रीनगर एयरपोर्ट पर वह 15 देशों के राजनयिकों के पीछे सुरक्षा के लिए तैनात था। सोचिए, अगर उसका इस दौरान किसी वारदात का इरादा होता, तो उसका क्या असर होता, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि कैसी बनती? बहरहाल, जिन आतंकियों को वह ला रहा था, उनमें से एक नावेद के सिर 20 लाख का इनाम भी है, उस पर कई प्रवासी मजदूरों की हत्या का आरोप है। बकौल जम्मू–कश्मीर पुलिस, वह पहले से इन लोगों पर निगाह रखे हुए थी, नावेद का फोन भी ट्रैक किया जा रहा था। लिहाजा उन्हें श्रीनगर एयरपोर्ट पहुंचने से पहले ही पकड़ लिया गया। इसके बाद की खबरें सनसनीखेज शीर्षकों के साथ देश ने टीवी चौनलों पर देखी हैं। दविंदर सिंह आतंकवादियों को दिल्ली भेज पाता, इससे पहले ही किन्हीं कारणों से उसकी करतूतों का भांडाफोड़ हो गया। लेकिन अगर वह आतंकियों को दिल्ली भेज देता और 26 जनवरी या चुनाव के मौके पर कोई गंभीर घटना घटती, फिर क्या होता? लहू मांगे हिसाब, आतंक का खेल खेलने वाले कायरों को बख्शा नहीं जाएगा, ये नया इंडिया है, घर में घुसकर मारेगा, जैसे डायलाग फिर सुनने पड़ते या सर्जिकल स्ट्राइक पार्ट थ्री की वीरगाथाएं सुनाई जातीं ताकि दिल्ली चुनाव में उसका लाभ मिलता। फिर कोई बेगुनाह 20–25 सालों के लिए जेल की सलाखों में सड़ता और असल दोषी सिस्टम के छेदों का सहारा लेकर दविंदर जैसे पदोन्नति पाते। पिछले 25 सालों से वह जम्मू–कश्मीर पुलिस का हिस्सा था और अब उसके बारे में जो बातें सामने आ रही हैं, उससे यह आशंका बलवती होती है कि उसने न जाने कितनी आतंकी घटनाओं में अपने महकमे और पद के कारण आतंकियों की मदद की। संसद हमले में मौत की सजा पाए अफजल गुरु ने तिहाड़ में कैद के दौरान अपने वकील को लिखे पत्र में दविंदर पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। यह लिखा था कि उस पर आतंकियों को दिल्ली ले जाने और किराए का घर दिलाने के लिए दबाव डाला गया। इस आरोप की अगर जांच होती, तो शायद 20 साल में दविंदर इतना आगे न बढ़ा होता। सवाल यही है कि उसे आगे बढ़ाने और अब उस पर नकेल डालने के पीछे किसका हाथ है? एक सजायाफ्ता आतंकी ने जिस पर आरोप लगाए, उसकी न केवल पदोन्नति हुई, बल्कि अवार्ड भी मिले और सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी। यह सब किन लोगों के कहने पर हुआ? क्या इसके तार जम्मू–कश्मीर में ही हैं या दिल्ली से भी इसका कोई संबंध है? जम्मू–कश्मीर पिछले अगस्त से सरकारी खोल में समेट दिया गया है, एनएसए अजीत डोवाल भले वहां सड़क पर खड़े होकर बिरयानी खाएं, लेकिन बाकी देश की जनता ऐसा नहीं कर सकती है? ऐसे में वहां और क्या खेल चल रहे हैं, इसके बारे में किसी को कुछ कैसे पता लगेगा? राष्ट्र की सुरक्षा के साथ हुए इतने बड़े खिलवाड़ पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोवालजी का क्या कहना है? गृहमंत्री अमित शाह इस बारे में क्या कहेंगे? वो तो अगस्त से यही दावा करते आए हैं कि जम्मू–कश्मीर में सब ठीक है।अगर वहां की पुलिस का एक अधिकारी आतंकियों का मददगार निकलता है, तो क्या इसे सब ठीक माना जाए? और हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्या दविंदर जैसे लोगों पर अपने मन की बात कहेंगे? अंतरराष्ट्रीय मंचों से, दूसरे राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकातों में मोदीजी ने हमेशा भारत को आतंकवाद से पीड़ित बताते हुए, आतंक के खिलाफ संघर्ष की प्रतिबद्धता दर्शाई है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस का दावा किया है। हालांकि आतंकवाद की आरोपी प्रज्ञा ठाकुर को संसद भेजने से भाजपा की आतंकवाद के लिए सहनशक्ति का परिचय मिल गया। अब देखना ये है कि दविंदर सिंह के मामले में बात निलंबन, बर्खास्तगी, कड़ी सजा दी जाएगी, जैसे ऊपरी कामों तक ही सीमित रहती है, या इस गुत्थी के तार कभी राष्ट्रहित में भी सुलझेंगे?



# जेएनयू हमला: खतरनाक इशारे

**अंकित "राधे"**

भारतीय संविधान में सीएए–एनपीआर–एनआरसी का त्रिशूल घोंपने के अपने मंसूबों के लगातार बढ़ते और बहुत हद तक स्वतःस्फूर्त विरोध पर, मोदी सरकार और संघ परिवार के विभिन्न बाजुओं की बौखलाहट साफ दिखाई देने लगी है। यह बौखलाहट इससे और ज्यादा बढ़ गई है कि भाजपा–शासित भारत में और उसमें भी खासतौर पर उत्तर प्रदेश, कर्नाटक तथा असम में और राजधानी दिल्ली में भी, जिसकी कानून व व्यवस्था सीधे केंद्र सरकार के हाथों में है, विरोधा–प्रदर्शन करने को ही अपराध बनाने से लेकर, प्रदर्शनकारियों पर बर्बर तथा अंधाधुंध पुलिसिया हिंसा करने और सामूहिक जुर्माने थोपने तक के ब्रिटिश राज के जमाने के तरीके आजमाने के बावजूद, विरोध का यह ज्वार का रुक नहीं रहा है। उल्टे हर गुजरने वाले दिन के साथ उसका वेग और बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही इसे सिर्फ मुसलमानों का मामला में घटाकर, बहुसंख्यक समुदाय को अपने पीछे गोलबंद करने की भाजपा–संघ की कोशिशें न सिर्फ नाकाम हो रही हैं बल्कि प्रतिरोध की कतारों में युवाओं, महिलाओं तथा संविधान की धर्मनिरपेक्ष आत्मा से प्यार करने वाले सभी जनतांत्रिक विचार के लोगों की मौजूदगी ने उनके सामने ऐसी ताकत को ला खड़ा किया है, जो एक पौराणिक पात्र की तरह, सामना होते ही मुकाबले के लिए आने वाले की आधी नैतिक–वैचारिक शक्ति का हरण कर लेती है। एक हाथ में तिरंगा और एक हाथ में संविधान लेकर, सत्याग्रही शैली में संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ करने से लेकर श्हम कागज नहीं दिखाएंगे और हम संविधान बचाएंगे के ऐलान करने तक के अपने अहिंसक हथियारों से इस जन–शक्ति ने, मौजूदा शासन के सारे हथियारों को विफल कर दिया है। अचरज नहीं कि इसकी बौखलाहट में संघ परिवार शासन की हिंसा से आगे, अपने विभिन्न मुखों से सीधे खुद हिंसा की धमकियां देने पर उतर आया है। इन धमकियों के दो उदाहरणों ने विशेष रूप से मीडिया का ध्यान खींचा है। एक उदाहरण, उत्तरप्रदेश के कथित योगीराज से ही है, जहां राज्य सरकार के एक मंत्री, रघुराज सिंह ने सार्वजनिक रूप से धमकी दी है कि वह मोदी या योगी का विरोध करने वाले अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों को, जिंदा जमीन गाड़ देगा! दूसरा, इतना ही चर्चित प्रकरण प. बंगाल के भाजपा अध्यक्ष, दिलीप घोष के अपनी पार्टी की उत्तरप्रदेश, कर्नाटक तथा असम की सरकारों द्वारा विरोध प्रदर्शन करने वालों को, कुत्तों की तरह गोलियों से मारे जाने की शेखी बघारने का और प. बंगाल में अपनी सरकार आने पर वैसा ही कर के दिखाने का ऐलान करने का है। अचरज नहीं कि भाजपा ने ऐसे हिंसक बयानों पर कोई नाराजगी जताना तो दूर, उन्हें निजी बयान बताकर पल्ला झाड़ने के सिवा, खुद को इस मंसूबों से अलग करना तक जरूरी नहीं समझा है। उल्टे, खुद मोदी–शाह की शीर्ष जोड़ी सीएए के विरोधियों को पाकिस्तान–समर्थक या सीधे–सीधे एंटीनेशनल करार देने के जरिए, अपनी कतारों की इस हिंसक उग्रता को और हवा ही दे रही है। वास्तव में इस शत्रु–भाव को सांप्रदायिक धार देने की शुरूआत तो खुद प्रधानमंत्री ने झारखंड में चुनाव प्रचार के क्रम में यह ऐलान करने के साथ ही कर दी थी कि विरोधा करने वालों को, श्उनकी पोशाक से ही पहचाना जा सकता है। इसी संदर्भ में यह गौरतलब है कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ दो महीने से ज्यादा से आंदोलन कर रहे छात्रों तथा शिक्षकों के भी खिलाफ, बाहरी नकाबपोश संघी गुंडों की फौज के 5 जनवरी के अभूतपूर्व हिंसक हमले के ठीक एक हफ्ते बाद, जिसमें छात्रसंघ की अध्यक्षा, आइशी घोष तथा एक प्रोफेसर, की जान बाल–बाल बची थी, देश के गृहमंत्री अमित शाह को, जबलपुर में सीएए आदि पर अपने कथित जनजागरण अभियान की जनसभा में, अचानक फिर याद आ गया कि जेएनयू छात्र तो राष्ट्रवारोधी नारे लगाते हैं! श्क्या उन्हें जेल नहीं भेजा जाना चाहिए? जो भी राष्ट्रवारोधी नारे लगाता है, उसकी जगह जेल में है। जाहिर है कि इस इशारे के बाद, गृहमंत्री को अलग से यह बताने की जरूरत नहीं थी कि जो कायर, श्भारत माता की जयश के नारे की आड़ में, मुंह पर नकाब डालकर और पुलिस व विश्वविद्यालय प्रशासन की मिलीभगत से, निहत्थे छात्रों तथा शिक्षकों पर हथियारों से घातक हमले कर रहे थे, उनकी जगह जाहिर है कि उनके राज में जेल में नहीं होगी। उन्हें तो शासन द्वारा पुरस्कृत ही किया जाएगा! बेशक, जेएनयू के विशेष संदर्भ में अमित शाह को राष्ट्रवारोधी नारों की और ऐसे नारे लगाने वालों को जेल भेजने का अपना श्पवित्रश कर्तव्य याद आने की, एक और वजह भी है। जेएनयू के वामपंथी गढ़ को फतेह करने के लिए मोदी राज के साढ़े पांच साल से ज्यादा में, सरकार समेत संघ परिवार ने सारे दांव आजमा कर देख लिए हैं। पर जीत नहीं मिली है। दुनिया भर में प्रतिष्ठ–प्राप्त इस सार्वजनिक विश्वविद्यालय के खिलाफ, जिसका जनतांत्रिक, समतावादी मिजाज और सत्ताविरोधी रुझान तथा आम तौर पर प्रगतिशील सोच हमेशा से संघ परिवार की आंखों में खटकता रहा है, दकियानूसी ताकतों की शिकायतों को खुल्लमखुल्ला भुनाते हुए, लंबे अर्से तक ऐसा भयंकर दुष्प्रचार अभियान चलाया गया, जैसा अभियान और किसी उच्च शिक्षा संस्थान के खिलाफ दुनिया भर में शायद ही चलाया गया होगा। इससे भी काम नहीं बना तो, कथित श्एंटी–नेशनल नारों के बहाने से, शासन तथा संघ परिवार द्वारा मिला–जुला, कानूनी–राजनीतिक हमले का अभियान शुरू किया गया। इसके हिस्से के तौर पर फर्जी वीडियो के सहारे, छात्र संघ के तत्कालीन पदाधिकारियों को राजद्रोह का दोषी बनाने की ही कोशिश नहीं की गई, हालांकि इस झूठ को कानूनी तौर पर कभी सच नहीं साबित किया जा सका, उनके खिलाफ सड़कों पर हमलावर भीड़ों को भी उतारा गया। उसके भी कामयाब न होने पर, संघ–अनुमोदित वाइसचांसलर की नियुक्ति के साथ शुरू की गई विश्वविद्यालय के प्रशासन को छात्रों व शिक्षकों के खिलाफ खड़ा करने, जेएनयू के छात्र समुदाय के सामाजिक गठन को बदलने तथा शैक्षणिक व अन्य पदों पर संघ–अनुमोदितों की ज्यादा से ज्यादा संख्या में भर्ती करने की मुहिम, ताकि जेएनयू के चरित्र को ही बदला जा सके। जेएनयू की विख्यात समतावादी दाखिला नीति के निरस्त किए जाने तथा छात्र संघ व शिक्षक संघ को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक प्रकार से शत्रु ही घोषित किए जाने से लेकर, गैर–यूजीसी छात्रवृत्तियां बंद कराए जाने तथा पीएचडी दाखिलों की संख्या में भारी कटौती कराए जाने तक, इस सार्वजनिक संस्था को भीतर से खोखला करने की हर–संभव कोशिश की गई। और इन कोशिशों में मौजूदा वाइस चांसलर, एम जगदेश कुमार की भूमिका केंद्रीय औजार की रही है। और जब ये सभी हमले जेएनयू को संघ परिवार के लिए फतेह करने में नाकाम हो गए और जेएनयू के छात्रों के शिक्षकों द्वारा समर्थित होस्टल फीस में भारी बढ़ोतरीविरोधी आंदोलन ने, दूसरी अनेक उच्च शिक्षा संस्थाओं में भी शिक्षा से जुड़े मौलिक प्रश्नों पर आंदोलनों की चिंगारियां डालना शुरू कर दिया और यह प्रक्रिया, सीएए–एनपीआर–एनआरसी के खिलाफ युवाओं के बढ़ते पैमाने पर आवाज उठाने के साथ जुड़ने लगी, संघ परिवार ने शारीरिक हिंसा का अपना जाना–पहचाना फासीवादी हथियार आजमाया। जामिया में और अलीगढ़ विश्वविद्यालय में सीएए–एनआरसीविरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शासकीय हिंसा का हथियार आजमाया जा चुका था और वास्तव में कम से कम जामिया के मामले में यह हथियार बहुत हद तक उल्टा भी पड़ चुका था। फिर, जेएनयू की छवि सब कुछ के बावजूद चूंकि एक श्मुस्लिम विश्वविद्यालयश की नहीं थी, उसके मामले में इस हथियार का कारगर होना जाहिर है कि और भी मुश्किल था। इसलिए, जेएनयू को सीधे फासीवादी शैली के हमले के लिए चुना गया, ताकि इस हिंसा को ही बहाना बनाकर, विश्वविद्यालय को ही कम से कम कुछ अर्से के लिए बंद करने की संघ परिवार की मांग को पूरा किया जा सके। बेशक, 5 जनवरी के इस हमले का रास्ता बनाने में अमित शाह नियंत्रित पुलिस ने और संघ नियंत्रित विश्वविद्यालय प्रशासन ने, जिसमें विश्वविद्यालय की अपनी सुरक्षा व्यवस्था भी शामिल है, शर्मनाक भूमिका अदा की। फिर भी, हमलावर नकाबपोशों की हथियारबंद हमलावर सेना और जेएनयू के गेट पर जमा उनके मददगारों–समर्थकों की उग्र सेना, मुख्यतरू संघ परिवारी संगठनों से ही आई थी, जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के एबीवीपी कार्यकर्तानुमा गुंडों की संख्या शायद सबसे ज्यादा रही होगी। इनमें से कुछ की तो पुलिस की पर्दापोशी की सारी कोशिशों के बावजूद पहचान भी हो चुकी है। अमित शाह और संघ परिवार के दुर्भाग्य से, मीडिया को जिस मुकम्मल तरीके से उन्होंने पिछले लगभग पांच साल से अपना हथियार बना रखा था उसमें, सीएए–एनआरसी के खिलाफ उठी विरोध की व्यापक लहर के बीच एक बड़ी दरार पड़ गई है। और इस दरार में से छन–छनकर आई जानकारियां, अमित शाह को जेएनयू के श्एंटी–नेशनलश नारे याद आने तक, कम से कम तीन बातें निर्णायक तरीके से साबित कर चुकी थीं।

# वरिष्ठ पत्रकार का फोन चुराने वाला नाबालिग मोबाइल चोर हुआ गिरफ्तार

सुल्तानपुर। वरिष्ठ पत्रकार दिनकर श्रीवास्तव का मोबाइल चुराने वाला नाबालिग चोर अपने तीन अन्य साथियों संग हुआ गिरफ्तार। प्रतापगढ़ जिले की पुलिस ने सुल्तानपुर शहर के एक मोहल्ले(गोपनीय) से गिरफ्तार कर चारों को ले गयी। प्रतापगढ़ शहर से पकड़े गए दूसरी टीम की पूछताछ में पकड़े गए चोर। पकड़ा गया चोर रोहन कुमार(10वर्ष) पुत्र धर्मेंद्र कुमार है जिसने पत्रकार दिनकर श्रीवास्तव की जेब से मोबाइल(मॉडल तमंस उम चतव3—इसनम) चुराया था। उसके साथ पकड़े गए तीन अन्य साथी भी प्रतापगढ़ पुलिस की गिरफ्त में हैं।सभी चोर झारखंड के आसनसोल के आसपास के रहने वाले हैं। सुल्तानपुर से टीम की पड़ताल में मालूम हुआ कि सबसे पहला नाबालिग चोर जो कि प्रतापगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष के ड्राइवर का फोन चुराने में 17 जनवरी को हुआ था गिरफ्तार प्रतापगढ़ से दूसरे जमंउ का चोर हुआ था गिरफ्तार। पूछताछ में सुल्तानपुर में रह रहे नाबालिग चोर हुए गिरफ्तार । सभी चोरों के पास से मोबाइल का कवर और थैला मिला ।भनक लगने पर मोबाइल समेतगैंग के अन्य चोर फरार। पता चला है कि दिन भर यह लोग भीड़—भाड़ सब्जी मार्केट वाली जगहों से मोबाइल चुराते थे और एक समय बाद उसे कोलकाता के मालदा (चोर बाजार) में अच्छे दामों में बेच देते थे। जनपद सुल्तानपुर के डॉक्टर मनीष श्रीवास्तव(होम्योपैथी) का भी फोन मुरारी दास गली से राह चलते चोरी हो गया था ।वरिष्ठ पत्रकार दिनकर श्रीवास्तव मधुबन स्वीट्स की दुकान के अंदर हुए थे नाबालिग चोर का शिकार। दिनकर श्रीवास्तव की पत्नी का फोन कुछ दिन पूर्व सरकारी अस्पताल से हो चुका है चोरी। प्रतापगढ़ के एडिशनल एसपी ने कोतवाली में चोरों का ट्रायल भी कराया।सभी पुलिस कर्मी चोरों के हाथ की सफाई से हुए दंग। कोतवाली में मौजूद एडिशनल एसपी ध्कोतवाल रह गए भौचक्के । पता चला है कि यह चोर पूर्व में कई बार पकड़े गए लेकिन बच्चा समझ कर इन्हें लोगों ने छोड़ दिया था। प्रतापगढ़ के नगर कोतवाल ने दिनकर श्रीवास्तव की चोरी की फुटेज देख कर चोरों से करवाई पहचान तो मालूम हुआ पकड़ा गया चोर रोहन कुमार है। मौके पर प्रतापगढ़ में कुल 5 नाबालिक चोर पकड़े जा चुके हैं । टीम को मालूम हुआ है कि इनकी टीमें पूर्वांचल समेत कई जिलों में सक्रिय जो अभी तक करोड़ों का खेल कर चुके हैं।

# अधिवक्ता की लाइसेंसी रिवाल्वर सहित अभियुक्त गिरफ्तार

## एक मामले में हत्या का अभियुक्त भी गिरफ्तार

सुल्तानपुर। थाना कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम की सक्रियता से एक नफर अभियुक्त को लूट का माल लाइसेंसी रिवाल्वर मय कारतूस के पुलिस ने अवधेश वर्मा पुत्र स्व0 हरिशंकर वर्मा निवासी पुरैना मजरे जुझस थाना कोतवाली देहात को 19/29 की रात को सौरमऊ तिराहे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के पास मुकदमा 392/411/352/504 भा0द0वि0 से संबंधित लाइसेंसी रिवाल्वर 03 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। प्रेस वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के कानूनी कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।इसी तरह दिनाँक 15 जनवरी को शुभम टाकीज राइन नगर के अशफाक के कुछ बदमाशो ने गोली मार कर हत्या कर दी थी।जिसमे दिलशाद उम्र 24 वर्ष गोली लगने से घायल हो गया था। वादी शमशाद की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर ने शेबु उर्फ जगलर,शेखू उर्फ शेरू ,आजम,अमान पुत्र गण शमशाद एवम मो 0 शान पुत्र रईश मोहम्मद निवासी ग्राम डिहवा तथा भारत निवासी बस्ती को पुलिस ने नामजद मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसमे वांछित अभियुक्त शेबु उर्फ जगलर पुत्र शमशाद को पुलिस ने मु0अ0स0 0058/20 धारा 147/148/149/302/307/120इ/504/506भा0द0वि0 को पुलिस आज अमहट चौराहा से गिरफ्तार किया।जिसे जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि विगत दिनों से उक्त प्रकरण जिले में काफी सुर्खियों में रह है। मामूली पतंग बाजी के विवाद में उक्त घटना घटित हुई थी।जिसमे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार के जेल भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शेष अभियुक्तों की धर पकड़ जारी है। शीघ्र ही उन अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एनएसएस शिविर का हुआ शुभारम्भ

सुल्तानपुर,मोतिगरपुर। एलेना स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाहरपुर लहोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ रविवार को हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अभय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विभारपुर के प्रबंधक संजय सिंह रहे। कॉलेज के प्रशासक नीरज सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मान बहादुर सिंह व अन्य शिक्षक समुदाय मुख्य अतिथि के महाविद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वज फहराकर सरस्वती पूजन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संजय सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, श्राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व के विकास का सशक्त माध्यम होता है। शिक्षा से ही अच्छे समाज की संरचना होती है।श छात्रों से अपील करते हुए कहा कि, श्आप लोग चयनित ग्रामों में टोली बनाकर मादा भ्रूण हत्या, जनसंख्या नियंत्रण, स्वच्छता एवं जागरूकता हेतु गाँवों में जाएं और लोगों को जागरूक करें।श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मान बहादुर सिंह ने छात्र—छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, श्आप लोग अपने व्यक्तित्व का विकास करें। प्रबंधक नीरज सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं शिवांगी, आकांक्षा, रोशनी, जयश्री, वंदना, रंजना, दीक्षा आदि ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर महाविद्यालय के डॉ. विकास त्रिपाठी, नागेंद्र सिंह, डॉ. जगलाल, डॉ. रमेश श्रीवास्तव व दिनेश सिंह सहित सभी शिक्षकध्शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# गरीब, वंचितों के चेहरों पर खुशियां लाने का प्रयास कर रही जय श्री फाउंडेशन : सूर्यभान सिंह विधायक

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और कम्बल वितरण कर मनाया चतुर्थ स्थापना दिवस

सुल्तानपुर। गरीब, जरूरतमंद और बेसहारों को कम्बल वितरण का कार्य कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने का बेहतर प्रयास है। उक्त बातें जनपद के बांसी क्षेत्र में जय श्री फाउंडेशन की ओर से चतुर्थ स्थापना दिवस पर आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सूर्यभान सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि संस्था का यह कार्य बहुत पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि संस्था का यह एक सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर सैकड़ों वृद्ध, वृद्धाओं, गरीब व वंचितों के बीच कम्बल वितरित किया गया। हांड़कंपाऊ ठंड के बीच कम्बल पाकर जरूरतमंदों ने काफी राहत महसूस की। लोगों का कहना है कि अब रात आसानी से कट जाएगी। कार्यक्रम के सह आयोजक समाजसेवी कमलेन्द्र सिंह 'मिन्टू सिंह' ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इससे पूर्व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के मुख्य अतिथि डॉ0 आर ए वर्मा ने लोगों को बीमारियों से बचाव के टिप्स बताकर जागरूक किया। उन्होंने संस्था के कार्य को नेक कार्य बताया और भूरि भूरि प्रसंशा किया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 के एस तिवारी, डॉ0 सुनील गुप्ता, डॉ0 काजल गुप्ता और डॉ0 डी एन प्रजापति ने लोगों की जांचकर मुफ्त होमियोपैथिक और ऐलोपैथिक दवाएं दी। जांचोपरांत दवाएं पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। संस्था अध्यक्ष मोहित मयंक तिवारी ने संस्था की ओर से सम्पादित कार्यों को सविस्तार बताया। संरक्षक शिवकुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर एडवोकेट प्रमोद, एडवोकेट मुकेश, सूर्य प्रकाश दुबे, रंजीत भार्गव, पंकज मिश्र, कलीम खान, पुष्पेंद्र मिश्र, विवेक तिवारी, शुभम मिश्र, विनय शुक्ला, रितेश मिश्रा, ज्ञानेंद्र तिवारी, मुख्तार अंसारी, गोपी कुमार, इंद्रदेव गुप्त, अभिषेक, अनुपम तिवारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# आखिर कौन है गोमती बिल्डर और किसकी मिलीभगत से नजूल की जमीनों पर की प्रॉपर्टी डीलिंग का काम चल रहा था काम

## किन—किन अधिकारियों का है इसमें हाथ, आखिर कब तक होगी इन अधिकारियों पर कार्रवाई और गोमती बिल्डर के खिलाफ कब होगी एफ आई आर दर्ज

सुल्तानपुर। यूपी के सुल्तानपुर की जिला अधिकारी सी इंदुमती अपना सख्त रवैया दिखाते हुए गोमती नदी के किनारे अवैध कब्जे दारो से कब्जा मुक्त कराने के लिए पिछले महीने प्रशासन अधिकारियों को लगाकर नदी किनारे बने मकानों को किराने का निर्देश दिया। उन्होंने कुछ मकानों को अपने सामने ही गिरवा दिया। लेकिन सवाल यह भी खड़ा होता है किन—किन अधिकारियों की मिलीभगत से अब तक गोमती नदी किनारे नजूल की जमीनों पर कब्जे दारी का काम चल रहा था।बरसों से उन अधिकारियों कानो कान खबर ही नहीं लगी और अब तक कौन सी कार्रवाई की गई है। गोमती बिल्डर्स के ऊपर कौन सी कार्रवाई की गई है ।कैसे जिले का विनियमित विभाग में इसका नक्शा पास होता था कहीं ना कहीं इसमें में विनियमित विभाग के अधिकारियों को बड़ा चढ़ावा ज्यादा था। इसके कारण की अवैध रूप से नदी किनारे सैकड़ों मकान बन कर तैयार हो गए और प्रशासन के कानों कान खबर ही नहीं कहीं। ना कहीं सवालिया निशाने पर जिला प्रशासन पूर्व अधिकारी भी इस घेरे पर आकर खड़े होते हैं।अब देखने वाली बात यह होगी जिला अधिकारी सी इंदुमती इस मामले को कितना संज्ञान लेकर गोमती नदी किनारे नदी को कब्जा मुक्त कराने में कितने सक्षम होंगी। इस मामले में जिला अधिकारी इंदुमती ने पिछले महीने विनोवापुरी नदी किनारे बने मकानों का औचक निरीक्षण करते हुए 2 लेखपालों को सस्पेंड भी किया था। लेकिन गोमती बिल्डर्स के ऊपर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।सूत्रों की मानें तो गोमती बिल्डर्स के तार सत्ताधारी पार्टी से जुड़े हुए हैं।

# जनपद में रिक्त प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य ग्राम पंचायत तथा सदस्य क्षेत्र पंचायत के पदों पर उप निर्वाचन ससमय शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु आरओ, एआरओ हुए नियुक्त

सुलतानपुर। राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में पंचायत उप निर्वाचन माह जनवरी, 2020 को सम्पन्न कराने के लिये जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी सी0 इन्दुमती द्वारा विकास खण्ड अखण्डनगर के रिक्त सदस्य ग्राम पंचायत के चार पद, जयसिंहपुर में सदस्य क्षेत्र पंचायत के एक पद, दूबेपुर में प्रधान ग्राम पंचायत के एक पद, मोतिगरपुर में सदस्य ग्राम पंचायत के सात पद, लम्भुआ में सदस्य ग्राम पंचायत के दो पद व सदस्य क्षेत्र पंचायत के एक पद तथा विकास खण्ड धनपतगंज के रिक्त सदस्य ग्राम पंचायत के एक पद पर उप निर्वाचन ससमय शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन अधिकारी (आरओ) व सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) की नियुक्ति की है। जिला मजिस्ट्रेट,जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने दयित्वों, कर्तव्यों का निर्वहन आयोग के निर्देशन, नियंत्रण एवं उनके मार्गदर्शन में रहते हुए सम्पन्न करायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं सम्बन्धित विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों की उक्त सम्बन्ध में एक बैठक 20 जनवरी को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ की अधिसूचना 16 जनवरी के क्रम में जनपद में विभिन्न विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में रिक्त प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य ग्राम पंचायत एवं सदस्य क्षेत्र पंचायत के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन के अन्तर्गत नाम निर्देशन पत्रों को जमा 23 व 24 जनवरी, 2020 को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 27 जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस 28 जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। प्रतीक आवंटन 28 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे से कार्य समाप्ति तक तथा मतदान तीन फरवरी को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक एवं मतगणना का कार्य 5 फरवरी को प्रातः 8 बजे से कार्य समाप्ति तक होगा।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी जिले की दो बेटियां

## परीक्षा पर चर्चाष्के लिए निहारिका और श्रेया का चयन

सुलतानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छात्रों के साथ आगामी बीस जनवरी को नई दिल्ली में होने वाले परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में जिले से दो छात्राएं हिस्सा लेंगी। सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंद नगर सुलतानपुर की कक्षा ग्यारह की छात्रा निहारिका श्रीवास्तव और कक्षा दस की छात्रा श्रेया मिश्रा का चयन हुआ है। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना निदेशक आर रमेश कुमार ने जिला विद्यालय निरीक्षक के लिए निर्देश जारी कर दिये हैं।विदित् हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले कई वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं से पहले छात्र–छात्राओं से परिचर्चा कर परीक्षा के दौरान आने वाली कठिनाइयों और समाधान पर बातें करते हैं। वर्ष 2020 में छात्रों के चयन के लिए आनलाइन अंग्रेजी में एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। जिन छात्राओं के निबंध चयनित हुए हैं,उन्हें नई दिल्ली जाने का मौका मिला है। उत्तर प्रदेश से चयनित हुए 183 छात्र–छात्राओं में से जिले से चयनित होने वाली दोनों ही छात्राएं सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंद नगर सुलतानपुर में अध्ययनरत हैं। कक्षा 11 में अध्ययनरत निहारिका के पिता अजय श्रीवास्तव प्राइमरी विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं और मां का नाम रीना श्रीवास्तव है। कक्षा दस की बोर्ड परीक्षा में निहारिका को 97 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। इस प्रतियोगिता में निहारिका ने श्एक्जामिनिंग एग्जामष शीर्षक पर निबंध लिखा था,जो चयनित हुआ। निहारिका ने अपने माता–पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद को चयन का श्रेय दिया है। इसके अलावा कक्षा 10 की छात्रा श्रेया मिश्रा ने चयन के लिए श्ग्रेटीट्यूड इज ग्रेटष शीर्षक पर निबंध लिखा था। उनका यह निबंध चयनित हुआ है और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में जाने का मौका मिला है। श्रेया के पिता राजेश मिश्रा पेशे से अधिवक्ता व पत्रकार हैं तथा माता शशि प्रभा गृहणी हैं। छोटा भाई शौर्य मिश्रा विद्यालय में कक्षा छह में अध्ययनरत है। श्रेया ने अपने चयन का श्रेय दादा ईर्.रामचंद्र मिश्र,दादी श्रीमती शांती मिश्रा और गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया है। विद्यालय प्राचार्य राम सिंह समेत अध्यापको–अध्यापिकाओं एवं समस्त विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की है। राज्य परियोजना निदेशक आर रमेश कुमार ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि चयनित छात्राओं को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में हिस्सा लेने की व्यवस्थाएं करायें। साथ ही अन्य दिशा निर्देश भी जारी किये हैं। 16 जनवरी अपराह्न तीन बजे तक संबंधित विद्यालय और अभिभावकों से सहमति लेकर भेजने को कहा है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारी बैठक सम्पन्न

सुलतानपुर। उप जिलाधिकारी सदर रामजी लाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस सम्बन्धी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। उप जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को जनपद में वृहद स्तर पर मनाया जायेगा। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले मतदाताओं द्वारा शपथ ली जायेगी। वहीं कार्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन कर कार्यक्रम में अधीनस्थ अधिकारियोंध्कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाये जाने का कार्यक्रम भी पूर्वान्ह 11 बजे आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन कार्यालयों में 25 जनवरी को अवकाश रहेगा, उन कार्यालयों में 24 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे मतदाता शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उप जिलाधिकारी ने बताया कि दसवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम Electoral Literacy for Stronger Democracy (मजबूत लोकतंत्र के लिये मतदाता साक्षरता) है। अधिक से अधिक से युवाओं और महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये जिले में स्थित कालेजों, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के साथ–साथ स्कूल कालेजों में प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रतियोगिता, आदि गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों, युवा मतदाता महोत्सव, समाचार पत्रों, टीवी चौनलों, आदि के द्वारा भी जन सामान्य को जागरूक किया जायेगा। महिलाओं की सहभागिता बढ़ाये जाने हेतु महिला संगठनों का सहयोग लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में बढ़ाये जाने हेतु स्पेशल कैम्प लगाये जाने तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर विशेष सुविधाएं दिये जाने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये जा रहे हैं।

## स्वर्गीय फजल अब्बास क्रिकेट टूर्नामेंट में हुआ उद्घाटन

सुल्तानपुर। अहमट स्थित पठान एच.एम.बी और पवन इलेवन के बीच खेला गया। पठान ने टास को जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।जिसमे निर्धारित 10 ओवर में 99 रन बनाए जवाब मे पवन इलेवन ने दसवें ओवर मे मात्र 54 रन पर ऑल आउट हो गई।इस मैच का मैन आफ द मैच शहबाज को दिया गया जिन्होंने 23 रन बनाए। साथ ही 3 विकेट झटके। इस मौके पर मुख्य अतिथि आरिफ हाशमी एडवोकेट जिलाध्यक्ष पीस पार्टी पहुँच कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हैसला अफ्जाई किया। हाशमी ने कहा इस तरह के आयोजन गाँव स्तर और शहर स्तर पर होने चाहिए जिससे खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचान मिले । इस मौकध्े पर आयोजक शहजाद अब्बास , आकिब अब्बास , मो शान, जफर अब्बास शब्बू, मुफीस, मुबस्सिर अब्बास आदि लोग मौजूद रहे।

## विधुत बिल के बकायेदारों पर विधुत विभाग अब कसेगा शिकंजा

सुल्तानपुर। प्रदेश सरकार द्वारा दी गई आसान किस्त योजना के बाद भी लापरवाह बने विधुत बिल बकायेदारों पर अब विद्युत महकमा शख्त होगा। सुबह से चलेगा चेकिंग अभियान।विधुत बिल बकायेदारों के कनेक्शन काटने की मंशा लेकर कल से विधुत महकमे का अभियान चलेगा। प्रबंध निदेशक एम देशराज ने पत्र जारी कर अधीक्षण अभियंता को चेताया है।राजस्व वसूली कम होने का हवाला दिया है। कार्यालय में पत्र पहुँचने के बाद जिले के अधीक्षण अभियंता धीरज सिन्हा ने जिले के सभी अधिशाषी अभियंताओ को निर्देश जारी कर दिया है। सभी अधिशाषी अभियंता बिल बकायेदारों को चिन्हित कर उनसे वसूली करे। अब सुबह से चेकिंग टीम निकलेगी।

## रोडवेज में छूटा कीमती बैग, विभाग उदासीन

सुल्तानपुर। शाहगंज से सुल्तानपुर के लिए निकले यात्री का बैग रोडवेज बस में छूट गया ।लाख कोशिशों के बावजूद भी रोडवेज महकमा सटीक जानकारी देने में असफल रहा है। मालूम हो कि शाम 4ः30 बजे शाहगंज से लखनऊ के लिए आजमगढ़ डिपो बस निकली हुई थी ।जिसमें शाहगंज रोडवेज पर बैठे यात्री शिवाकांत का बैग सुल्तानपुर उतरते समय छूट गया ।वह आज शाम 6.30 बजे सुल्तानपुर बस अड्डे पर उतरे। जब उनको ख्याल आया तो उन्होंने रेलवे इंक्वायरी से संपर्क किया ।चारबाग के रेलवे इंक्वायरी नंबर 9415049750 पर संपर्क करने पर बताया गया की –आलमबाग रोडवेज इंक्वायरी 9415049544 नंबर पता करें लेकिन जब उस नंबर पर मिलाया गया तो उन्होंने जानकारी देने के बजाय यात्री को गोलमोल घुमाते रहे ।यात्री का कीमती बैग रोडवेज बस में छूटने से वह अभी भी सुल्तानपुर रोडवेज चक्कर का लगा रहे हैं लेकिन कोई सटीक जानकारी नहीं मिलने से यात्री और उसके साथ के लोग मायूस हैं । यात्री शिवकांत ने बताया कि उनसे बस का टिकट भी उसी बैग में रह गया जिससे उन्हें बस का नम्बर याद नही। बस नॉन ऐसी थी।

## राजकीय फल संरक्षण केन्द्र के लिये भवन की आवश्यकता

सुल्तानपुर। प्रभारी, राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, सुलतानपुर ने बताया कि राजकीय फल संरक्षण केन्द्र के लिये किराये के भवन की आवश्यकता है। इच्छुक भवन स्वामी चार कमरों का भवन, जिसमें लैट्रिन, बाथरूम, पानी, बिजली सहित प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केन्द्र(बस स्टेशन के सामने) सुलतानपुर में अपना कागजात सहित कार्यालय दिवस में सम्पर्क स्थापित कर सकते।

# जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर संपादित किया शिक्षण कार्य

सुल्तानपुर। सरकार के शिक्षक सम्मान विरोधी नीतियों के खिलाफ जताया रोष। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया ध्यातव्य है विगत 5 सितंबर से शिक्षक महासंघ के बैनर तले प्रदेश के शिक्षक सरकार की शिक्षक विरोधी नीतियों का प्रतिकार करने के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं। विकास क्षेत्र से लेकर इको पार्क लखनऊ तक विभिन्न चरणों में शिक्षकों ने अपने सम्मान के लिए सरकार को जगाने का प्रयास किया। परंतु सरकार की हठधर्मिता से विवश होकर महासंघ ने 16 जनवरी से 21 जनवरी तक अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने तथा 21 जनवरी को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया। जिस के क्रम में आज जनपद अध्यक्ष दिलीप पांडेय के निर्देश पर विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किया। जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं में विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं यथा पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, चहारदीवारी, चौकीदार और लिपिक की व्यवस्था किए जाने, शिक्षकों के समाप्त किए सवा लाख से भी अधिक पदों को बहाल किए जाने, 17140 समेत वेतन विसंगतियों को दूर किए जाने, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण में शिक्षकों की अनुभव शून्य किए जाने, प्रेरणा ऐप जैसे तुगलकी फरमान न थोपे जाने, मृतक आश्रित को शिक्षक बनाए जाने, परिवार कल्याण भत्ता समेत समाप्त किए गए वेतन भत्तों को बहाल किए जाने समेत अन्य मुद्दों को लेकर शिक्षक संघर्ष कर रहे है।इस सम्मान की लड़ाई में सभी शिक्षक–शिक्षिकाओ का सहयोग अपेक्षित है।

# सीएए पर भाजयुमो ने किया जागरूक

सुलतानपुर। भाजयुमो के द्वारा प्रदेश व क्षेत्र नेतृत्व के दिशा निर्देश पर नागरिक संशोधन अधिनियम (ब्।।) के पक्ष में जनमानस व युवाओं के मध्य फैली हुई भ्रांतियों को दूर करने के लिए मानव श्रृंखला बनाकर युवाओं को सीएए के संदर्भ में जागरुक किया गया। विदित हो कि भाजयुमो के समस्त पदाधिकारी व मण्डल अध्यक्ष अपने–अपने विधानसभा व क्षेत्रों में अलग– अलग स्थानों पर ब्।। के समर्थन में मानव श्रृखला बनाकर जनता को जागरुक किया। इसी के तहत मुख्य कार्यक्रम आज पयागीपुर चौराहे पर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाई गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित रहे। इसके पूर्व युवाओं को सम्बोधित करते हुए रामेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि सीएए के द्वारा उन सभी का संरक्षण होता है जो देश में पाकिस्तान बांग्लादेश व अफगानिस्तान से शरणार्थी के रुप में आये है तथा अल्पसंख्यक समुदाय के हैं सीएए अधिनियम से भारत में रह रहे किसी भी भारतीय नागरिक चाहे वह जिस भी समुदाय का हो उसकी नागरिकता पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ना है यह अधिनियम पूरी तरह से देश को सुरक्षित करने व घुसपैठियों को बाहर करने के लिए है, किसी भी भारतीय अल्पसंख्यक को इस अधिनियम से डरने की जरुरत नहीं है। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोमती मित्र मण्डल, अखिल विश्व गायत्री परिवार का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रवीण मिश्र, धर्मेन्द्र बहादुर प्रिंस, उपाध्यक्ष मानस वर्मा, सौरभ पाण्डेय, मीडिया प्रभारी प्रणीत बौद्धिक, आमोद विक्रम सिंह, अंकुर तिवारी, दिनकर प्रताप सिंह, अमन मोहन श्रीवास्तव, संजीव पाण्डेय, अरिमर्दन सिंह, डॉ0 वी. के. उपाध्याय, सौरभ तिवारी सहित सैकड़ो युवा उपस्थित रहे।

## थानाध्यक्ष की शक्रियता से बडी घटना टली

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन अंकुश के तहत थानाध्यक्ष मोतिगरपुर रतन कुमार शर्मा की तत्परता ने गुरुवार की रात्रि गश्त के दौरान स्थानीय कस्बे के दोस्तपुर रोड पर स्थित रोहित ज्वैलर्स की दुकान नकब लगा रहे चोरों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। स्थानीय पुलिस लाखों की चोरी के रोकने में तो सफल रही, लेकिन रात के अँधेरे व खराब मौसम के चलते चोर खेतों के बीच काफी दूर तक पीछा करने के बाद भी भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने रात में ही व्यापारी को सूचना देकर मौके पर बुलाया। व्यापार मंडल के लोगों थानाध्यक्ष की कार्यशैली व सक्रियता की जमकर सराहना की।

## सांसद की अध्यक्षता में हुई निगरानी समिति की बैठक

सुल्तानपुर। विकास भवन सभागार सुलतानपुर में सांसद मेनका गांधी व जिला स्तरीय अधिकारियों व राजस्व ध् पुलिस विभाग सुलतानपुर के उच्चाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा के लिए संसदीय समितिध् जिला विकास समन्वयन एवं निगरानी समिति की बैठक हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए जनपद के विभिन्न अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र में आवश्यक कार्य करने के लिए व समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के संबंध में संबंधित को आदेशित किया गया।

# अधिशासी अभियंता कार्यालय के नये भवन विधायक ने किया शिलान्यास

रुदौली–अयोध्या। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने गांव गरीब खेत खलिहान के लिये कैसे अच्छा से अच्छा किया जा सकता है न सिर्फ बिजली के क्षेत्र में बल्कि सभी क्षेत्रो में लगातार चिंतन कर रही है।उक्त बातें रुदौली के फेलसण्डा गांव में सोमवार को विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय के नये भवन ,बाउंड्री व वर्कशाप कार्यालय के भवन के शिलान्यास के अवसर पर सार्वजनिक उपक्रम एंव निगम संयुक्त समिति के सभापति व विधायक राम चन्द्र यादव ने कही उन्होंने कहा कि सभी विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को इस बाबत निर्देश भी दिए गए है कि जनता जुड़े हर मुद्दों को प्राथमिकता दी जाए।श्री यादव कहा कि क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने व निर्विवाद रूप से बिजली आपूर्ति को दृष्टिगत रखते में आगामी फरवरी माह में शुजागंज 33केवी व सैदपुर में 132 केवी का नए बिजली घर को पूर्ण कर जनता के हवाले किया जाएगा।इसके अलावा पटरंगा में एक नया 5 से 10 एमबीए क्षमता वृद्धि व रायपुर उपकेंद्र में एक 5 एमबीए का अतिरिक्त प्रवर्तक लगाया गया।जिससे उपभोक्ताओ की विद्युत आपूर्ति से सम्बंधित समस्या दूर हो सकें।उन्होंने कहा कि आज का शिलान्यास आगामी 6 माह में लोकार्पण के रूप में दिखाई देगा।उन्होंने यह भी कहा विधान सभा क्षेत्र की विद्युत विभाग से जुड़ी जितनी भी परियोजनाए स्वीकृति थी उन सबको उर्जिकृत कराकर 2020 में ही जनता को समर्पित करना है।विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता एके सिंह ने कहा कि भवन व कार्यालय के निर्माण हो जाने से 78 हजार उपभोक्ताओ को फायदा मिलेगा। परियोजना की लागत 1.78 करोड़ है।यह परियोजना दो चरणों मे पूरी होगी।पूर्व क्षेत्रीय विधायक ने बिजली विभाग के अफसरों के साथ के लिए भूमि पूजन कर कार्यालय के भवन व सभागार की आधार शिला रखी। कार्यक्रम का संचालन युवा भाजपा नेता सचिन करसौंधन ने किया। इस अवसर मुख्य अभियन्ता सिविल सुभाष चन्द्र मिश्रा,अधीक्षण अभियंता रविन्द्र गुप्ता,अधीक्षण अभियंता सिविल अरुण कुमार सिंह, अधिषासी अभियंता जे एस पाण्डेय, डीपी सिंह,सहायक अभियंता राजेश त्रिपाठी, एसपी सिंह,अवर अभियंता विकास आर्या,राजेश श्रीवास्तव ,अमित मिश्रा, रविकांत तिवारी, अश्वनी यादव, विपिन यादव, राम राज लोधी,अमिषेक सिंह आदि दर्जनोंकी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# हैकथान में 700 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में आयोजित 3 दिवसीय हैकथान प्रतियोगिता के तीसरे दिन रिवार को कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इं0 आशीष तिवारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 मनोज दीक्षित द्वारा किया गया। हैकथान प्रतियोगिता में कुल 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें 150 प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। चयनित प्रतिभागियों को आठ टीमों में बाटा गया। एक्सपर्ट द्वारा हैकथान थीम स्मार्ट पुलिसिंग, स्मार्ट सिटीजन पर आधारित कम्प्यूटर कोडिंग, कम्प्यूटर एप आधारित थीम द्वारा प्रोजेक्ट तैयार किया गया। एक्सपर्ट के अवलोकन के उपरांत स्मार्ट कॉम्युनिकेशन बिट्वीन पुलिस एंड सिटीजन को प्रथम पुरस्कार स्वप्निल गुप्ता की टीम को मिला। द्वितीय पुरस्कार आटोमेटिक एक्सीडेंट इनफॉर्मर प्रोजेक्ट टीम लीडर राज सिंह को प्रदान किया गया। तृतीय पुरुस्कार दो टीमो को नारी सुरक्षा एप्प और ट्रैप क्रिमिनल एप संयुक्त रूप से टीम लीडर क्रमशः अमन अंसारी एवं शाद अहमोर दिया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इं0 आशीष तिवारी ने प्रतिभगियों की सराहना करते हुए कहा कि आज के वैश्विक युग में तकनीक का दायरा बहुत वृहद हो गया है। इसमें आधुनिक तकनीक के उपयोग से विज्ञानं, समाज, खेल, पुलिस, सेना एवं सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहा है। इसका आम लोगों की सुविधा के लिए किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि 21वीं सदीं मोबाइल आधारित है और कम्प्यूटर के प्रयोग के बिना किसी भी सेवा क्षेत्र की कल्पना करना संभव नहीं है। प्रो0 दीक्षित ने प्रतिभागियों से अपील किया कि वे वास्तविक जीवन की समस्यायों का समाधान खोजे और उन्हें प्रयोग में लाने की भरपूर कोशिश करे। आयोजन सचिव इं0 विनीत सिंह ने बताया कि विजेता टीम को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली हैकथान प्रतियोगिता नई दिल्ली में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इसका आयोजन भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। संस्थान के निदेशक प्रो0 रमापति मिश्र ने बताया कि भारत सरकार के इनोवेशन विभाग द्वारा अप्रैल 2020 में राष्ट्रीय स्तर के हैकथान का आयोजन इंजीनियरिंग संस्थान अवध विश्वविद्यालय में होगा। कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक इ0 अमितेश पंडित तथा इ0 रमेश मिश्र द्वारा किया गया। धन्यबाद ज्ञापन डॉ0 बृजेश भारद्वाज ने दिया। कार्यक्रम का संचालन इ0 अनुराग सिंह ने किया। इस अवसर पर इ0 पारितोष त्रिपाठी, इ0 परिमल तिवारी, इ0 संजीत, इ0महेश चौरसिया, इ0 आस्था सिंह कुशवाहा सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## अवध विवि में लगाई हथियारों की प्रदर्शनी

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के परिसर में डोगरा रेजीमेंट भारतीय सेना द्वारा हथियारों की प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 मनोज दीक्षित द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में डोगरा रेजीमेंट सेना द्वारा वर्तमान समय में प्रयुक्त किए जा रहे संचार यत्रों व अस्त्रों की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के लिए प्रदर्शित की गई है। इस प्रदर्शनी में छात्र–छात्राओं में हथियारों एवं संचार यत्रों के प्रयोग एवं उपायदेयता पर सैन्य विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। सैन्य प्रदर्शनी में 5.56 इंसास राइफल, एलएमजी, टेक डाटा, 40 एमएम अण्डर बैरल ग्रेनेड लांचर, डाउन जैकेट व ट्राउजर, 40 एमएम मल्टी शार्ट ग्रेनेड जैसे हथियारों का प्रदर्शन किया गया।

# 'ग्रुप पर डालें रैन बसेरे के निरीक्षण की सेल्फी'

गोण्डा। भीषण शीत लहर को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल ने राजस्व विभाग तथा नगर निकायों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निराश्रितों के लिए जनपद में संचालित रैन बसेरों में लगातार निरीक्षण करें तथा निरीक्षण करते हुए अपनी–अपनी सेल्फी जिला प्रशासन के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ठंड को देखते हुए सभी प्रमुख स्थलों पर अलाव का प्रबंध हर हाल में कराया जाय तथा रैन बसेरों में सभी आवश्यक जरूरतें मुहैया कराई जाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि शीत लहर एवं ठंड से बचाव के लिये अभी तक जनपद में कुल 11 रैन बसेरे बनाए गए हैं। वहीं 206 जगहों पर अलाव जलवाने के साथ ही जिला प्रशासन एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अब तक कुल 7892 लोगों को निशुल्क कंबल बांटे गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि ठंड एवं शीत लहर से बचाव के लिए तथा आपात कालीन सेवाओं के लिए कलेक्ट्रेट में कन्ट्रोल रूम 05262–230125 स्थापित किया गया है।जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल ने ठंड व शीत लहर से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, संबंधी जानकारी देते हुए लोगों से अपील की है कि लोग स्वयं भी सचेत होकर संभावित शीत लहर आपदा से बचाव कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि स्थानीय रेडियो से मौसम की जानकारी लेते रहें। जलावन की लकड़ियां और पर्याप्त गरम कपड़ों के साथ आपात कालीन किट तैयार रखें। घर के अंदर सुरक्षित रहें। शीतदंश के लक्षणों को पहचानें तथा शीतदंश की स्थिति में शीघ्र अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं। कोयले की अंगीठी या मिट्टी के तेल का चूल्हा, हीटर आदि का प्रयोग करते समय सावधान रहें व कमरे को हवादार रखें ताकि जहरीले धुएं से नुकसान न हो। विषम परिस्थितियों अथवा अत्यधिक सर्दी के समय के लिए ईंधन बचाकर रखें। शरीर को सूखा रखें तथा गीले कपड़े तुरंत बदल लें, क्योंकि ये शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अपने परिवार को यथासंभव घर के अंदर सुरक्षित रखें। घर में अलाव के साधन न हों तो अत्यधिक ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों अथवा उन स्थलों पर जाएं, जहां पर प्रशासन ने अलाव अथवा रैनबसेरे का प्रबंध किया है।

## दो दिन की बारिश गन्ना किसानों के लिए मुसीबत बनी

गोण्डा। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से गन्ना किसानों के लिए आफत खड़ी हो गई है। बताते चलें कि कुन्दरुखी मिल द्वारा गन्ने की पर्ची में लेट लतीफी के चलते किसानों के पेड़ी गन्ने की फसल अभी खेतों में लगी है। बारिश के कारण गन्ने की कटाई भी प्रभावित हो गई है। कुछ गन्ने खेत में पड़े हुए हैं। तो कुछ क्रय केंद्र पर ट्राली में भरे खड़े हैं। खेतों में पानी भर जाने से कई दिनों तक छिलाई भी बाधित रह सकती है। पीलीभीत, बिहार, लखीमपुर आदि जिलों आये गन्ना छिलाई करने वाले लेबर बताते हैं। कि अगर ऐसे ही मौसम बना रहा तो इस बार हम लोगों की मजदूरी भी ढंग से नहीं मिल पायेगी। किसानों के साथ साथ हमारा भी घाटा लग जाएगा।अगैती प्रजाति (अर्ली) के गन्ने की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। बारिश साथ तेज हवाओं के कारण सारी फसल जमीन पर लेट गई है। इस प्रजाति के गन्ने काफी नरम होते हैं। गिरने से इन फसलों के वजन में भी गिरावट आ जाती है। तथा टेढ़े–मेढ़े होने से छिलाई में भी परेशानी उठानी पड़ती है। बारिश की वजह से तलहटी में बोया गया गेहूं भी डूब चुका है। जिनकी पैदावार न के बराबर ही हो सकती है। सरसों, मसूर, अरहर,मटर, आदि तेलहनी व दलहनी फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है।

## अरंगा–पार्वती झील में प्रवासी पक्षियों ने दी दस्तक

गोण्डा। सर्दी में वजीरगंज के अरंगा–पार्वती की झील की रौनक बढ़ गई है। यहां देशी–विदेशी पक्षियों का जमावड़ा लगने लगा है। मध्य एशिया व तिब्बत से लंबी दूरी तय करके आने वाले पक्षियों का कलरव इन झीलों में गूंज रहा है। वजीरगंज क्षेत्र में 3 झीलें हैं। इनमें दो झीलों में विदेशी पक्षी आते हैं। जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर टिकरी मार्ग पर ग्राम कोठा की झील अरंगा व बहादुरा ग्राम में पार्वती झील एवं वजीरगंज कस्बे से सटी कोंडर झील का अपना विशेष महत्व है। करीब पांच किमी क्षेत्र में फैली अरंगा–पार्वती झील में अन्य पक्षियों के अलावा सैकड़ों सारस भी अपने–अपने जोड़े के साथ विचरण करते दिखाई पड़ते हैं। तिब्बत से आने वाले पक्षियों में छोटी मुर्गाबी, नकटा, गिरीं व सुर्खाब, मध्य एशिया से आने वाले पक्षियों में काज, चट्टा व लगलग प्रमुख हैं। इसके अलावा स्थानीय व बाहरी पक्षियों में काला तीतर, भूरा तीतर, बटेर, रंगीन बटेर, लक बटेर, पहाड़ी भट तीतर, भट तीतर, जंगली मैना, अगरका, खजन, लाल मोनिया, बया, छपका, नीलकंठ, धनेश, कठफोड़वा, बाज, चील और हरियल आदि पक्षी शामिल हैं। देश के विभिन्न स्थानों से राम नगरी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु भी अरंगा–पार्वती झील में पक्षियों का कलरव देखने जाते हैं, क्योंकि अयोध्या से अरंगा–पार्वती झील मात्र 23 किमी दूर है। वहीं मधवापुर सती अनुसुइया आश्रम को जाने वाले श्रद्धालु भी अरंगा–पार्वती झील में पक्षियों को देखने जाते हैं। यहां कोंडर झील व पथरी झील भी है, लेकिन पक्षियों का जमावड़ा सिर्फ अरंगा व पार्वती झील में ही रहता है। विदेशी पक्षी मेहमानों का आगमन नवंबर से शुरू हो जाता है और इनका पड़ाव फरवरी तक रहता है।

## चार अजगर निकलने से ग्रामीणों में दहशत

गोण्डा। बेलसर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिंहपुर में इन दिनों बहुतायत अजगर निकल रहे हैं। जिससे गांव के लोग दहशत में हैं। ग्राम प्रधान रामकुमार शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को बरसात के दौरान एक अजगर विजयनगर–तरबगंज सड़क मार्ग के किनारे पेड़ पर लटका हुआ दिखाई दिया। बाद में उसी जगह तीन अजगर और दिखाई दिए जिससे ग्रामीण भयभीत हो गए। वन विभाग को सूचना दी गयी थी। ग्रामीण हरिकेश शुक्ला ने बताया अजगरों का आकार देखने के बाद अब खेतों में जाने से डर लगने लगा है। अंकित ने बताया कि तीन छोटे अजगर हैं, जबकि एक बहुत बड़ा है। वन विभाग के केसी मिश्रा ने बताया कि जानकारी नहीं है।

## साक्ष्यों के अभाव में पुलिस ने लगाई फाइनल रिपोर्ट

अयोध्या। जनपद के थाना इनायतनगर में गत 18 नवम्बर 2019 को पंकज पांडेय पुत्र साहब वरदान पांडे निवासी हल्ले द्वारिकापुर द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट संख्या–0578 में थाना पुलिस द्वारा साक्ष्यों के अभाव में फाइनल रिपोर्ट लगाकर मुकदमा खत्म कर दिया गया है। शिवा ग्रुप के एमडी रंजीत मौर्य व राहुल सोनी निवासी कुचेरा बाजार इनायतनगर पर लगाए गए बेबुनियाद आरोपों की सत्यता जांचने पर वादी द्वारा किसी भी प्रकार के साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जिससे मुकदमा पूरी तरह फर्जी और साजिशन सिद्ध हुआ। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने विवेचक उपेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा जांच उपरांत गत 28 दिसंबर 2019 को आख्या प्रेषित की गई है। उप निरीक्षक श्री सिंह ने अपनी विवेचना रिपोर्ट में लिखा है कि विवेचना के दौरान वादी श्री पाण्डेय के द्वारा रुपयों के लेनदेन के संबंध मे कोई भी प्रमाणित / सुसंगत साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कराया जा सका है और न ही विवेचना के मध्य ऐसा कोई भी सुसंगत साक्ष्य प्राप्त नही हुआ जिससे मुकदमे में वर्णित आरोपों की पुष्टि हो।

## पुलिस दो अपहृताओं को दबोचा

मिल्कीपुर–अयोध्या। एसएसपी अशीष तिवारी के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे विशेष अभियान तलाश वाँछित अपराधी, वारन्टी व गुमशुदा,अपहृता के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आरके राय के कुशल नेतृत्व में 4जनवरी को वादी रामचरन चौहान पुत्र निरपत निवासी मेहदौना थाना इनायतनगर द्वारा खुद की पुत्रीगण मीना (24 ),किरन (22) घर से गायब हो जाने की तहरीरी सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 12/20 धारा 366 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत किया गया मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पीड़िता को थाना इनायतनगर पुलिस टीम के उपनिरीक्षक संदीप सिंह , महिला का0 रशमी कुशवाह ने बारून बाजार चौराहा से बरामद किया गया। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने दी।

# पापा की परी ने लगाए सपनों को पर

अमेठी। हर मां–बाप अपने बच्चों को लेकर तमाम सपने संजोते हैं और उनको पूरा करने के जतन भी करते



हैं। इसके बाद बारी होती है संतान की, जो अपनी जिम्मेदारी और जिजीविषा से मां–बाप के सपनों को पंख लगाते हैं। यह एक ऐसी पापा की परी की कहानी है, जिसने पहले ही प्रयास में डॉक्टर बनने की मंजिल पर पांव रख दिया। केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा हासिल कर पहले ही प्रयास में सीपीएमटी की परीक्षा पास करने वाली अर्चिता अब डॉक्टर बनने को हैं।

तिलोई क्षेत्र का छोटा सा गांव पूरे दान सिंह मेढौना, जो शैक्षिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है। बमुश्किल चालीस घरों के इस छोटे से गांव में पली बढ़ी अर्चिता ने भी पढ़ाई–लिखाई के दौरान हर लड़कियों की तरह तमाम सपने संजोए थे, लेकिन अर्चिता के पिता कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना का सपना था कि बेटी डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करे। केंद्रीय विद्यालय में हासिल की शिक्षा रू जगदीशपुर के केंद्रीय विद्यालय में प्राथमिक शिक्षा हासिल किया और हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा पास करने के साल भर के अंदर अर्चिता ने वह कर दिखाया, जो असंभव तो नहीं पर मुश्किल बहुत था। अर्चिता ने पहले ही प्रयास में मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास कर ली। अर्चिता की पढ़ाई वर्तमान में मुरादाबाद के टीएमयू में चल रही है। मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर वह अब डॉक्टर बनने को तत्पर हैं।

अर्चिता की शिक्षा पर एक नजर

अर्चिता ने वर्ष 2016 में हाईस्कूल व 2018 में इंटर की परीक्षा अच्छे अंको से उत्तीर्ण की। वर्ष 2019 में नीट की परीक्षा पास कर एमटीयू मुरादाबाद में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। गांव का दर्द समझती है बेटी

अर्चिता डॉक्टर बन गांव के लोगों की सेवा करना चाहती हैं। सरकारी नौकरी करने के बजाय खुद वह अपना अस्पताल ग्रामीणांचल में खोल गरीबोंकी सेवा करना चाहती है। अर्चिता कहती हैं कि बाबा ब्रम्हदेव व पापा के समाज सेवा के कार्यो को लेकर मन को बहुत संतोष मिलता है।

# पत्रकारों व्यापारियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की बात

रायबरेली। नवागत कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने कोतवाली परिसर में प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ एक बैठक कर कस्बा सहित क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की पत्रकारों व्यापारियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की भी बात की बताते चलें कि महराजगंज कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार सिंह द्वारा पत्रकारों व्यापारियों व सर्राफा व्यवसायियों को बुलाकर एक बैठक आहूत की जिसमें कस्बे के प्रमुख मार्गो से निकलने में हो रही दिक्कतों के बारे में गहनता से चर्चा की तथा व्यापारियों से कहा कि अनावश्यक रूप से चार पहिया गाड़ियों को रास्ते में न खड़ी करें अपने–अपने सुनिश्चित स्थान पर खड़ी करें जिससे आवागमन की समस्या में कोई बाधा उत्पन्न न हो तो वहीं व्यापारियों से यह भी कहा कि कस्बे की समस्याओं को देखते हुए कस्बे के मेन तिराहे पर व कस्बे के चंदापुर चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जिससे कि कोई भी अपराध ी अपराध करने को सौ बार सोचे तो वहीं कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस की ड्यूटी 24 घण्टे की होती है लेकिन हमें यही 24 घण्टे को 48 घण्टों में बदलना होगा, तभी क्षेत्र से अपराध कम पड़ेगा। पीड़ित को समय रहते न्याय मिल जाए तो उसे उच्चाधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ाने के लिए लिए फरियादियों को त्वरित गति से न्याय दिलाया जाएगा व अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें कोतवाली प्रभारी अरूण कुमार सिंह ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। कोतवाल श्री सिंह ने बताया कि क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल करने के लिए सभी उप निरीक्षकों के साथ बैठक करते हुए उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। आने वाले चुनाव के लिए ज्यादा समय नहीं बचा है, इसलिए चुनाव का होमवर्क अभी से पूरा करना होगा, तभी हम चुनाव में अपना बेहतर परफारमेंस दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ही पीड़ित को न्याय मिलेगा तो जनता के दिल में पुलिस के प्रति भरोसा उत्पन्न होगा। इस मौके पर प्रेस क्लब संरक्षक सुभाष पांडे संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार श्रीवास्तव संरक्षक अनिल जायसवाल अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव शिवाकांत अवस्थी अंकुर सिंह दिलीप जायसवाल आकाश तिवारी हरिहर सिंह इम्तियाज अली विजय धीमान शिवम तिवारी मनोज वर्मा रजनीकांत अवस्थी पवन कुमार घनश्याम चौरसिया सुमित कुमार सोहनलाल व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल प्रिंशु वैश्य लल्लन वर्मा सर्राफा संघ के व्यापारी भी मौजूद रहे।

## मीना मंच ने ठाना है पोलियो जड़ से मिटाना है

रायबरेली। मीना मंच ने ठाना है पोलियो जड़ से मिटाना है रायबरेली शून्य से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा पोलियो उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है जनपद को पोलियो मुक्त बनाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पीएन सिंह के दिशा निर्देशन में मीना राजू मंच के माध्यम से जनपद के सभी विद्यालयों में लगने वाले सेंटर पर सहयोग प्रदान किया जा रहा है आज शहर क्षेत्र के मीना राजू मंच खतरा ना के पोलियो बूथ पर मीना राजू की बुलावा टोली के माध्यम से दो बूंद जिंदगी की बच्चों को पिलाई गई जिसका शुभारंभ एसएमसी अध्यक्ष अवध ेश कुमार द्वारा किया गया अभियान में डीएमसी यूनिसेफ वंदना त्रिपाठी बीएमसी नगर क्षेत्र सहाना जमीर रुकैया बानो आंगनबाड़ी कार्यकत्री शहंशा बानो सहायिका सुल्ताना वॉलिंटियर द्वारा सहयोग प्रदान किया गया बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन एस एस पांडे ने कहा कि जागरूकता ही किसी अभियान की सफलता का मूल मंत्र है इस इस अभियान में विशेष रुप से अभिभावकों की जिनके बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई जानी है उन्हें स्वयं तथा आस–पड़ोस के लोगों को दवा पिलाने के समझाने की आवश्यकता है जिससे अपना जनपद पोलियो मुक्त बन सके डीएमसी वंदना त्रिपाठी यूनिसेफ ने कहा कि सरकार का यह अभियान काफी सराहनीय है बच्चा स्वस्थ व निरोगी होगा तो उसका भविष्य उज्जवल हो सकेगा।

## सिपाही ने महिलाओं से की अभद्रता

अमेठी। कोतवाली पुलिस से शमसान की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत करने पहुंची महिलाओं के साथ सिपाही ने अभद्रता कर थाने से भगा दिया। नाराज महिलाओं ने मामले की शिकायत सीओ से की तो उन्होंने दोषी सिपाही पर कार्रवाई का भरोसा दिला सभी को शांत करवाया। शहर के कटरा राजा हिम्मत सिंह मुहल्ले में शमसान के नाम पर अंकित भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा जबरन अतिक्रमण करने की शिकायत करने मुहल्ले की दर्जनों महिला व पुरुष कोतवाली पहुंचे। महिलाओं का आरोप है कि कोतवाली पहुंचने पर सिपाही अनीश तिवारी अतिक्रमण करने वालों से बात कर रहे थे। महिलाओं को देखते ही सिपाही महिलाओं से अभद्रता करने लगा। महिलाओं ने आपत्ति की तो उनको थाने से भगा दिया गया। सभी महिलाओं ने तहसील आकर मामले की शिकायत सीओ से की। महिलाओं का आरोप है कि सिपाही ने शिकायत करने के बाद मौके पर जाकर भी हम लोगों से अभद्रता कर पाच सौ रुपये जबरन वसूल किया था। जिसे हम लोगो ने चंदा इकट्ठा कर दिया था। महिलाओं की शिकायत सुनने के बाद सीओ ने कोतवाली प्रभारी से फोन कर नाराजगी जताई। सीओ पीयूष कांत राय ने महिलाओं को आश्वस्त किया है कि मामले की जाच कराकर सिपाही के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने बताया कि पूरे मामले की जाच की जा रही है।

## तमंचा दिखाकर छीने पचीस हजार

अमेठी। बाइक सवार युवकों ने तमंचा अड़ाकर पचीस हजार नगदी और मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। संग्रामपुर निवासी अरुण कुमार ने शुक्रवार देर शाम अपने दूसरे घर कटका मानापुर जा रहे थे। आरोप है कि अमेठी–चंडिकन मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों ने बाइक ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने तमंचा लगाकर जेब में रखे पचीस हजार रुपये और मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने अभी तक मामले की प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव ने बताया कि घटना की जानकारी है।जाच कर कार्रवाई की जा रही है।

## रायबरेली मण्डल छतोह की भाजपा कार्यकारिणी घोषित

रायबरेली। सलोन विधानसभा के मण्डल छतोह की भाजपा कार्यकारिणी जिलाध यक्ष रामदेव पाल द्वारा रायबरेली जिले के सभी मण्डल के पदाधिकारियों की सूची घोषित कर दी है। जिसमे मण्डल अध्यक्ष छतोह अभय प्रताप सिंह ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव पाल ने छतोह मण्डल के पदाधिकारियों की भी सूची घोषित कर दी है। जिसमें सुनील कुमार अग्रहरि, चौतन्य सिंह भदौरिया, श्रीमती शैलकुमारी साहू, विश्णु मौर्य, अखिलेश द्विवेदी, संतोष विश्वकर्मा को मण्डल उपाध यक्ष तथा शैलेन्द्र कुमार पांडेय और मनीष कोरी को महामंत्री तथा श्रीमती कुसुम मिश्रा, सतेंद्र सिंह चौहान ,श्रीमती कुमकुम सरोज, नीरज कोरी, बलकरन तिवारी, गिरजाशंकर शर्मा को मंत्री तथा गिरजेश बहादुर सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं पर अगम चन्द्र मौर्य को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

# जेसीआई युवा द्वारा हुआ इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग का आयोजन

रायबरेली। आज डिग्री कॉलेज चौराहे पर स्थित जय गणेशा इंस्टिट्यूट में जेसीआई युवा रायबरेली द्वारा इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री सूरज शुक्ला, विशिष्ट अतिथि जेसी आलोक सिंह, विशेष अतिथि टारगेट पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ पत्रकार जेसी हेमंत चौधरी रहे मुख्य प्रशिक्षक श्री सूरज शुक्ला एवं ऑस्ट्रेलियन सेंटर के डायरेक्टर एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट ट्रेनर जेसी तारिक खान रहे। जेसी सूरज शुक्ला ने इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग के साथ–साथ लीडरशिप के गुर भी सिखाए ट्रेनिंग लगभग 3 घंटे चली जिसमें सभी सदस्यों ने ट्रेनिंग का भरपूर आनंद लिया जेसी तारिक खान ने स्टेज स्पीकिंग तथा पब्लिक स्पीकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी तक्षशिला स्कूल के प्रबंधक एवं प्रसिद्ध पर्सनालिटी डेवलपमेंट ट्रेनर जेसी सूरज शुक्ला ने छात्रों को अपने विचारों को रखने तथा लोगों से बांटने के विषय में जानकारी दी इस ट्रेनिंग में सभी सदस्यों को बारी–बारी अपने विचार रखने का मौका दिया गया। मंच संचालन जेसी राजेंद्र मौर्य ने किया। जेसी आई युवा अध्यक्ष जेसी योगेश मौर्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत फूल देकर किया जेसी योगेश मौर्य ने कहा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन से हम 300 बच्चों को फ्री इंग्लिश स्पीकिंग एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देने जा रहे हैं ट्रेनिंग डिग्री कॉलेज चौराहा तथा काहारों का अड्डा स्थित दो इंस्टिट्यूट्स में दी जाएगी जो भी छात्र–छात्राएं फ्री इंग्लिश स्पीकिंग ट्रेनिंग लेना चाहते हो वह जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन करा ले। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट तथा पुरस्कार दिए गए सचिव जेसी तारिक खान ने कहा हम आने वाले दिनों में अधिक से अधिक ट्रेनिंग का आयोजन करते रहेंगे ताकि हमारे शहर के छात्र छात्राएं तथा युवा प्रशिक्षित हो सके तथा रोजगार प्राप्त कर सकें एवं अपने भविष्य में आने वाली समस्याओं का समाधान कर सके। ऐसी सौम्या ने जैसी आशाओं का पाठ किया जेसी संदीप श्रीवास्तव ने अध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किया जेसी अजय ने सचिव जेसी तारिक खान को बुके भेंट किया। इस अवसर पर जेसी नाजिया खान,जेसी राघवेंद्र पांडे,जीसी शेष बहादुर, जेसी आशीष मौर्य, जेसी उमेश जायसवाल, जे सी आर पी सिंह, जेसी आलोक सिंह, पूर्व अध्यक्ष जेसी सुमित चौबे जेसी मनोज कुमार वर्तमान अध्यक्ष जेसी योगेश मौर्य, जेसी सचिव तथा प्रशिक्षक श्री तारिक खान, जेसी राजेंद्र मौर्य, जेसी संदीप श्रीवास्तव, जे सी आशीष मौर्य, जेसी रविंद्र, जेसी राघवेंद्र प्रताप सिंह, जेसी सूरज शुक्ला, जेसी मधुरेश, जेसी मौर्या जेसी शिखा सिंह, जेसी रामकिशोर मोरया, जेसी आशीष मौर्य,जेसी सौम्या सिंह, इंडियन इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर जेसी विक्रम सिंह, जेसी सुधीर मिश्रा , जेसी फिरोज, जेसी यूशा खान, जेसी शेख मोहम्मद मेराज अभिनव स्कूल के प्रबंधक जीसी वंश बहादुर सिंह जेसी फिरोज, जेसी इमरान खान ,जेसी भीम मौर्य, जेसी आदिल आदि जेसी सदस्य उपस्थित रहे।

## बीडीओ व जेई से होगी तीन लाख 15 हजार वसूली

अमेठी। तहसील दिवस में बिना सड़क निर्माण के पैसा निकाले जाने बात जांच में सही मिली। जांच रिपोर्ट आते ही जिलाधिकारी अरुण कुमार ने खंड विकास अधिकारी व अवर अभियंता के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए निकाली गई पूरी रकम वसूलने का आदेश जारी कर दिया है। बताना मुनासिब होगा कि बीते तीन दिसंबर को आयोजित तहसील दिवस में ग्रामीण शीतला तिवारी ने खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी व अवर अभियंता उमेश चंद्र पाल पर बिना सड़क बनवाये ही भुगतान किये जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। शिकायत के बाद जिलाधि ाकारी ने मामले की जांच जिला विकास अधिकारी ने कराई। जांच में तीन लाख 15 हजार रुपये का बिना सड़क बनवाये ही भुगतान करने का खुलासा हुआ। जांच में शिकायत सत्य मिलने पर जिलाधिकारी ने तत्कालीन खंड विकास अधिकारी व अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से निकाली गई रकम की वसूली का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने कहाकि जबाब मांगा गया है।

# पिछले साल की तरह न्यूजीलैंड को पहली गेंद से दबाव में लाना चाहेंगे : कोहली

बेंगलुरू। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में जीत और पिछले साल न्यूजीलैंड में अच्छे प्रदर्शन से उनकी टीम 24 जनवरी से शुरू होने वाले दौरे को लेकर आत्मविश्वास से भरी है और उनका लक्ष्य कीवी टीम को पहली गेंद से ही दबाव में रखना




होगा। भारतीय टीम न्यूजीलैंड दौरे में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय, तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैच खेलेगी। पिछले साल भारत ने न्यूजीलैंड को वनडे में 4–1 से हराया था लेकिन टी20 श्रृंखला वह 1–2 से गंवा बैठा था। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में सात विकेट से जीत के बाद कहा, ''(न्यूजीलैंड में) पिछले साल के प्रदर्शन से हमारा काफी आत्मविश्वास बढ़ा है। हमें कैसे खेलना है, इसको लेकर बेहद सकारात्मक थे, हम क्या करना चाहते हैं इसको लेकिर बहुत सुनिश्चित थे। विदेशों में खेलने पर अगर आप घरेलू टीम को दबाव में रखने में सफल रहते हो तो फिर आप अपनी क्रिकेट का आनंद ले सकते हो।'' उन्होंने कहा कि घरेलू टीम के दिमाग में रहता है कि उसे स्वदेश में तो जीतना ही होगा। इसलिए अगर आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हो तो आप वास्तव में उन्हें दबाव में ला सकते हो। पिछले साल हमने यही किया। हमने बीच के ओवरों में उन पर दबाव बनाया, विकेट लिये और स्पिनरों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हम इसी जज्बे के साथ इस श्रृंखला में उतरेंगे।''

कोहली ने कहा कि न्यूजीलैंड दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया पर घरेलू श्रृंखला में जीत बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम सोमवार की रात न्यूजीलैंड के लिये रवाना होगी। उन्होंने कहा, ''हमने मैच शुरू से होने वाले मैदान पर यही बात की कि हम श्रृंखला का आखिरी मैच खेल रहे हैं और अगर इसमें जीत दर्ज करते है तो खुशनुमा माहौल में दौरे पर जाएंगे। अगर हार मिलती है तो आप यह सोचकर इसे भुला सकते हैं यह महज एक हार थी।''

कोहली ने कहा, ''लेकिन जब आप जीत दर्ज करते हैं और दबाव में जीतते हैं तो इससे आपका मनोबल बढ़ता है और इसे अब हम अपने साथ ले जा रहे हैं। ''न्यूजीलैंड दौरे में सीमित ओवरों के चरण में कोहली ने उन क्षेत्रों की बात की जिनमें सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं तो हमें अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए और अगर हम छोटे लक्ष्य का बचाव कर रहे हैं तो हमें अच्छी तरह से उसका बचाव करना चाहिए। हम दो मैचों के बाद श्रृंखला में सहज होकर नहीं खेल सकते, क्योंकि इससे चीजें मुश्किल होती जाएंगी इसलिए हम पहले मैच से ही छाप छोड़ना चाहते हैं।''

# भारत ने U–19 विश्व कप में श्रीलंका को 90 रन से हराया, मैन ऑफ द मैच बने सिद्धेश

ब्लोमफोंटेन। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (59), कप्तान प्रियम गर्ग (56) और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (नाबाद 52) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से गत चौम्पियन भारत ने रविवार को यहां आईसीसी अंडर–19 विश्व कप के अपने शुरुआती मुकाबले में श्रीलंका को 90 रन से शिकस्त दी। भारत ने हरफनमौला खेला का शानदार नमूना दिखाते हुए पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 297 रन बनाने के




बाद श्रीलंका की पारी को 45.2 ओवर में 207 रन पर समेट दिया। स्पिन गेंदबाजों सिद्धेश वीर और रवि विश्नोई ने दो–दो विकेट लिये। भारत के लिए गर्ग ने 72 गेंद में दो चौके की मदद से 56 रन बनाये जबकि जायसवाल ने 74 गेंद की पारी में आठ चौके लगाये। जुरेल थोड़े आक्रामक रहे जिन्होंने 48 गेद की नाबाद पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। मैन आफ द मैच सिद्धेश ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की टीम के स्कोर को 297 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 27 गेंद में छह चौके और एक छक्का की मदद से 44 रन की नाबाद पारी खेली। श्रीलंका अंडर–19 की ओर से अशियान डेनियल , कविंदू नधीशन, दिलशान मधुशांका और अम्शी डि सिल्वा ने एक–एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका के लिए कप्तान निपुन धनंजय परेरा ने 50 और रविन्दु रसांथा ने 49 रन बनाये।

# आखिर क्यों टीम इंडिया का यह तेज गेंदबाज खुद को गोली से उड़ा देना चाहता था ?

नई दिल्ली। कभी टीम इंडिया के अहम खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार सुसाइड करने वाले थे। यह चौंकाने वाला खुलासा खुद प्रवीण कुमार ने किया है। डिप्रेशन के शिकार रहे प्रवीण कुमार के इस राज ने खेल जगत को पूरी तरह से हिला कर रख दिया है। इसके बारे में कोई बात नहीं करता है। उनके मुताबिक वह किसी से बात नहीं करते थे, हमेशा चिढ़े–चिढ़े से रहते थे। उन्होंने कहा कि जब मैं किसी को फोन करता था और कोई मेरे फोन का जवाब नहीं देता था तो मुझे बहुत बुरा लगता था। बुरे वक्त पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे




इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू के मुताबिक कुमार सब कुछ खत्म करना चाहते थे और इसलिए एक सुबह उठे और हाथ में बन्दूक लिए हरिद्वार के हाइवे तक निकल पड़े। लेकिन कार में बच्चों की तस्वीर ने उनका यह इरादा बदल दिया। जीवन से निराश होकर उन्होंने यह गलत कदम उठाने की कोशिश की थी। बता दें कि प्रवीण कुमार का अभी भी इलाज चल रहा है।

कुमार ने डिप्रेशन को लेकर कहा कि इसके बारे में कोई नहीं जानता है, खासकर के मेरठ जैसी जगह में अपने आप से भी काफी डर लगता था। अपनी सोच पर काबू करना बहुत मुश्किल था।

बता दें कि प्रवीण कुमार ने अपना आखिरी मैच साल 2012 में खेला था। वह अपनी स्विंग के लिए काफी मशहूर रहे हैं। कुछ वक्त के लिए कुमार अंडर 23 टीम के बॉलिंग कोच भी बने रहे। उन्होंने टीम इंडिया के लिए 6 टेस्ट, 68 वनडे और 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। कुमार ने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 30 मार्च 2012 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था।

# आरोन फिंच ने कोहली को बताया महान वनडे खिलाड़ी, हिटमैन को कहा– लाजवाब

बेंगलुरू। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने भारतीय कप्तान विराट कोहली को सर्वकालिक महान वनडे खिलाड़ी करार दिया जबकि रोहित शर्मा को शीर्ष पांच में शामिल किया। रोहित ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में 119 रन बनाये जो उनका 29वां वनडे शतक है। कोहली ने 89 गेंदों पर 91 रन बनाये। इन दोनों ने 137 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने यह मैच आसानी से जीता। फिंच का मानना है कि सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के कंधे की चोट के कारण बल्लेबाजी के लिये नहीं उतरने के बावजूद इन दोनों की पारियों से भारत ने 287 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया।

फिंच ने मैच के बाद कहा कि उनके पास विराट है जो शायद सर्वकालिक महान वनडे खिलाड़ी है और रोहित है जो शायद सर्वकालिक बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पांच में शामिल होगा। वे लाजवाब हैं और अभी भारतीय टीम की विशेषता यह है कि उसके अनुभवी खिलाड़ी बड़े मैचों में अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोहित ने शतक जड़ा। शिखर के नहीं खेल पाने के कारण उन्हें बदलाव करना पड़ा और उनके दो सबसे अनुभवी खिलाड़ियों ने सर्वाधिक योगदान दिया जिससे पता चलता है कि उनका शीर्ष क्रम कितना मजबूत है। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम दस ओवरों में केवल 63 रन बनाये और इस बीच पांच विकेट गंवाये और फिंच की नजर में यह टीम पर भारी पड़ा। फिंच ने कहा कि पिछले दो मैचों में आखिर के अधिकतर ओवरों में हमारे गेंदबाजों ने बल्लेबाजी की। हमने राजकोट में देखा कि केएल राहुल ने अंतिम ओवरों में हमें कितना नुकसान पहुंचाया क्योंकि वह मंझा हुआ बल्लेबाज है। मुझे लगता है कि इस मामले में हमसे चूक हुई। पिछले कुछ मैचों में डेथ ओवरों की उसकी गेंदबाजी बेजोड़ रही। मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी और जसप्रीत बुमराह ने पिछले दोनों मैचों में शानदार गेंदबाजी




हमारे पास ऐसा बल्लेबाज नहीं था जो अंतिम 20–30 गेंदों पर हमारे लिये पर्याप्त रन जुटा पाता। उन्होंने कहा कि लेकिन श्रेय भारत को जाता है। की। आप उन क्षेत्रों की पहचान कर सकते हो जिनमें आपको सुधार करना है लेकिन आपको भारत को भी श्रेय देना होगा।

## ऋषभ पंत की बढ़ी मुश्किलें, कोहली बोले– विकेटकीपर के रूप में राहुल बने रहेंगे

बेंगलुरू। भारत के कप्तान विराट कोहली ने रविवार को कहा कि टीम में विकेटकीपर बैस्टमैन के रूप में के एल राहुल बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह टीम में उसी तरह संतुलन बनाए रखते हैं जैसे 2003 के विश्व कप में राहुल द्रविड़ ने भूमिका निभाई थी। राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दोनों एकदिवसीय मैचों में बल्ले का कमाल दिखाया और विकेट के पीछे भी बेहतर प्रदर्शन किया और टीम ने यह श्रृंखला 2–1 से जीती है। कोहली ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एकदिवसीय विश्व कप में चौथे पायदान के खिलाड़ी के बारे में पूछे जाने पर कहा, "मेरा मानना है कि टीम में खिलाड़ियों के स्थान को लेकर स्पष्टता नहीं होने से हमें अतीत में नुकसान हुआ। अब हम इस बात को अच्छी तरह समझते हैं, हम इसी क्रम के साथ कुछ समय तक चलेंगे और आकलन करेंगे कि यह सही है या गलत।" उन्होंने कहा, "हम अच्छा खेल रहे हैं। टीम में कोई बदलाव नहीं है और हमने लगातार दो मैच जीते हैं। इसकी कोई वजह न खोजिए कि हमने टीम में कोई बदलाव नहीं किया। ऐसा टीम की बेहतरी के लिए किया गया।"

# प्रियंका चोपड़ा का खुलासा– क्यों किया निक को डेट करने का फैसला



प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में खुलासा किया है कि आखिर ऐसी कौन सी वह बात थी जिसके चलते वह अमेरिकी पॉप स्टार निक जोनस को डेट करना चाहती थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी शादी की पहली सालगिरह मनाने के कुछ दिनों बाद अभिनेत्री ने साझा किया है कि निक के म्यूजिक वीडियो क्लोज के हॉट सीन्स ही उनके इस फैसले के पीछे की एक बड़ी वजह थी। एक अमेरिकी मासिक महिला फैशन पत्रिका के फरवरी अंक के लिए प्रियंका ने अपनी दिनचर्या को साझा किया है और उन्होंने इस बात का खुलासा किया। उन्होंने कहा, सुबह सबसे पहले मैं कोई गाना बजाती हूं।उन्होंने आगे कहा, मेरी जिंदगी हमेशा से ही कुछ हद तक संगीतमय रही है और अब निक के साथ यह पूरी तरह से ही संगीतमय हो गई है। मैंने क्लोज के वीडियो को देखने के बाद निक को डेट करने का फैसला लिया, यह मेरा पसंदीदा गाना है। बता दें कि, शादी के बंधन में बंधने के बाद दोनों काफी खुश हैं और अपनी लाइफ को एंजॉय कर रहे हैं। नये साल के जश्न के दौरान मियामी में अपने भाइयों के साथ निक ने शो में परफॉर्मेंस दी। जहां प्रियंका ने हमेशा की तरह अपने पति के लिए चीयर किया। वहीं निक ने इन तस्वीरों को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। निक ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 2019 मेरे जीवन के सबसे अविश्वसनीय वर्षों में से एक था। मैं वह सब देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता जो 2020 लाना चाहता है। सभी को नया साल मुबारक हो! इससे पहले, प्रियंका ने समुद्र तट पर दोनों की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, जैसा होना चाहिए वैसा ही जीवन।वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा राजकुमार राव के साथ द व्हाइट टाइगर में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म नेटफिलिक्स पर रिलीज होगी।

# बिग बॉस 13: इस हफ्ते घर से बेघर होगा ये सदस्य, हाथ उठाने की मिली सजा!

बिग बॉस 13 के घर में हंगामा जारी है। घर में लव, रोमांस और झगड़े का तड़का देखने को मिल रहा है। इस सीजन में झगड़ों को लेकर कंटस्टेंट एकदूसरे पर भारी



पड़ते नजर आये हैं। सिद्धार्थ शुक्ला और आसिम रियाज के झगड़े के बाद अब सबकी निगाहें मधुरिमा तुली और विशाल आदित्य सिंह पर टिक गई हैं। मधुरिमा का अपना आपा खोकर विशाल को फ्राइंगपैन से मारना भारी पड़ गया है। स्पॉटबॉय की खबर के अनुसार, मधुरिमा का सफर खत्म हो गया है और उन्हें शो से बाहर कर दिया है। हालांकि इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट होना अभी बाकी है। बताया जा रहा है कि, मधुरिमा को कम वोट मिलने की वजह से शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। वे पहले भी वोटिंग में डेंजर जोन में ही चल रही थी। ऐसे में शो से उनका जाना ज्यादा चौंकाने वाला नहीं है। विशाल और मुधरिमा के बीच पिछले कुछ दिनों से लगातार लड़ाई देखने को मिल रही हैं। वेबसाइट ने सूत्र के हवाले से लिखा कि, दोनों की लड़ाई को देखते हुए सलमान खान ने मधुरिमा की जमकर क्लास लगाई है। बता दें कि बीते दोनों विशाल और मधुरिमा के बहस ने पहले झगड़े का रूप लिया, जिसके बाद विशाल ने मधुरिमा पर पानी फेंक दिया। जिसके बाद दोनों को बिग बॉस की वर्निंग मिली। इसके बाद भी बहस जारी रही और मधुरिमा ने गुस्से में आकर फ्राइंगपैन से मारना शुरू कर दिया। घर के सदस्यों के बीच–बचाव के बाद दोनों को अलग किया गया। इसके बाद बिग बॉस ने दोनों को दंड देते हुए जेल में बंद कर दिया। इस हफ्ते फैमिली वीक था, लेकिन दोनों को बिग बॉस ने इस टास्क से दूर रखा। गौरतलब है कि, मधुरिमा ने शो में वाईल्ड कार्ड इंट्री की थी। शुरुआती दिनों में ही वे माहिरा शर्मा, शहनाज गिल, शेफाली जरीवाला और आरती सिंह से लड़ती नजर आई थीं। इसके बाद विशाल के साथ उनकी जो लड़ाई शुरू हुई वह रूकने का नाम ही नहीं ले रही है।

# निर्भया के दोषियों को फांसी में हो रही देरी से भड़कीं मल्लिका शेरावत, कह दी ये बात

मल्लिका शेरावत ने निर्भया दुष्कर्म मामले के दोषियों को फांसी में हो रहे विलंब को लेकर नाराजगी जताई है। पहले 22 जनवरी को निर्भया के दोषियों को फांसी दी जानी थी। इसके बाद दोषी मुकेश की याचिका पर सुनवाई करते हुए पटियाला हाउस कोर्ट ने चारों दोषियों को एक फरवरी को सुबह छह बजे फांसी पर लटकाने के लिए नया मृत्यु वारंट जारी किया। उन्होंने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह कितना निराशाजनक है, देश की महिलाओं को कैसा महसूस हो रहा होगा, मैं इसे महसूस कर सकती हूं। सोचिये उसके (निर्भया) परिजनों पर क्या बीत रही होगी। दुष्कर्म और बाल वेश्यावृत्ति पीड़ितों के पुनर्वास को लेकर सक्रिय अभिनेत्री ने आगे कहा, देश के अलग–अलग हिस्सों से महिलाओं के साथ बलात्कार और हत्या की खबरें रोज आती रहती हैं। इससे पता चलता है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहा है। निर्भया की मां ने



फांसी की सजा टलने पर निराशा प्रकट की। उन्होंने कहा, ''मैं लड़ूंगी और लड़ती रहूंगी। मैं इंतजार करुंगी। बता दें कि, दिल्ली की एक अदालत ने निर्भया सामूहिक दुष्कर्म और हत्याकांड के चारों दोषियों को एक फरवरी को सुबह छह बजे फांसी पर लटकाने के लिए शुक्रवार को नया मृत्य वारंट जारी किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार अरोड़ा ने चारों दोषियों को एक फरवरी को सुबह छह बजे फांसी दिये जाने का आदेश देते हुए कहा, ''यह मामला एक ऐसा परिदृश्य पेश करता है जब दोषियों को दया याचिका दाखिल करने का अवसर दिया गया लेकिन केवल एक ने इसे दाखिल किया। यह देरी करने की चाल हो सकती है। यह कितने लंबे समय तक चलेगा? मौत का वारंट जारी नहीं किया जाता तो दोषी अपने कानूनी उपायों की दिशा में पहल नहीं करते।

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक कपिल देव शुक्ला द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं0:25 लोलेपुर सुलतानपुर उ0.प्र0. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट,पो0 व थाना कूरेभार, जिला-सुलतानपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित सम्पादक : **कपिल देव शुक्ला**, मो0 9415739288, 9721748962 सह संपादक : **अंकित ''राधे''**
E-mail: kdshukla.79@gmail.com, वेबसाईट : www.kdnewslive.in समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।